दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी




विजय के जन्मदिन पर रिलीज होगी जन नायकन



कान फिल्म फेस्टिवल के लिए हुई रवाना

वर्ष : 12 | अंक : 141 | लखनऊ, 13 मई, बुधवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## गुवाहाटी में शपथ ग्रहण समारोह....सरमा ने सीएम पद की ली शपथ

असम में भाजपा ने लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी की

# सहयोगी पार्टियां बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट व एजीपी भी मंत्रिमंडल में शामिल की

हिमंता ने 2016 से झंडा बुलंद किया

**राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/नई दिल्ली,**

असम में नए मंत्रिमंडल का शपथग्रहण मंगलवार को हुआ। भाजपा नेता हिमंत बिस्व सरमा ने लगातार दूसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। उनके साथ 4 और नेताओं ने मंत्री पद की शपथ ली। अन्य जिन नेताओं ने शपथग्रहण में हिस्सा लिया, उनमें भाजपा की सहयोगी पार्टी- बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) और असम गण परिषद (एजीपी) के नेता भी शामिल रहे।

इसके अलावा हिमंत कैबिनेट में एक छह बार की महिला विधायक को भी मंत्री पद की शपथ दिलाई गई है। असम में भाजपा ने लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी की है। यह पहली बार नहीं है जब हिमंत ने असम में भाजपा का झंडा बुलंद करने की जिम्मेदारी संभाली और उसे अंजाम तक पहुंचाया। वह ये काम 2016 से ही करते आ रहे हैं। पर, उन्हें मुख्यमंत्री बनने का पहला मौका 2021 में मिला था।



सीएम की शपथ लेते सरमा

### 2021 में जीत के साथ मिला सीएम पद

2021 के विधानसभा चुनावों में भी उन्होंने स्टार प्रचारक के रूप में प्रमुख भूमिका निभाई। सरमा ने अपनी पारंपरिक जालुकबारी सीट से 1 लाख से अधिक मतों के भारी अंतर से जीत दर्ज की। लगातार दूसरी बार भाजपा की सरकार बनने के बाद पार्टी ने सर्वानंद सोनोवाल की जगह उन्हें कमान सौंपी और 10 मई 2021 को वे असम के 15वें मुख्यमंत्री बने। यह पहली बार था जब भाजपा ने किसी अन्य पार्टी से आए नेता को मुख्यमंत्री का पद सौंपा था। भाजपा के लिए सरमा की अहमियत कितनी ज्यादा है, इसका अंदाजा सिर्फ इसी बात से लगा सकते हैं कि उनकी भूमिका असम तक सीमित नहीं रही, बल्कि वे राष्ट्रीय स्तर पर दिल्ली आलाकमान और अमित शाह के सबसे भरोसेमंद बनकर उभरे हैं। वे पार्टी के लिए अलग-अलग राज्यों में प्रचार तंत्र से लेकर चुनावी तैयारियों तक की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं।

### अतुल बोरा सबसे अमीर मंत्री

अतुल बोरा असम के एक प्रमुख नेता और असम गण परिषद (एजीपी) के अध्यक्ष हैं। उनका जन्म 7 अप्रैल 1960 को असम के गोलाघाट जिले के बोराही गांव में हुआ था। उन्होंने गुवाहाटी विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में एमए (परास्नातक) और कानून की डिग्री (एलएलबी) हासिल की है।छात्र जीवन में उन्होंने असम आंदोलन में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया था। वे ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन (आसू) के आयोजन सचिव, महासचिव और बाद में अध्यक्ष भी रहे।

**विधायक का सफर**



वे पहली बार 1996 में गोलाघाट से विधायक चुने गए ।2016 से लगातार बोकाखाट निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उन्होंने सर्बानंद सोनोवाल और सरमा दोनों के मंत्रिमंडलों में कैबिनेट मंत्री के रूप में कार्य किया है।

**संपत्ति और आपराधिक मामले**

*उनके चुनावी हलफनामे के अनुसार उनकी कुल घोषित संपत्ति लगभग 6.87 करोड़ है। लगभग 19.88 लाख की देनदारी है। उन पर एक आपराधिक मामला दर्ज है, जो लोक सेवक द्वारा आपराधिक विश्वासघात (आईपीसी की धारा 409) से संबंधित है और जिस पर अभी आरोप तय नहीं हुए हैं।*

### अजंता न्योग सबसे पढ़ी-लिखी

अजंता न्योग असम भाजपा का प्रमुख महिला चेहरा हैं। वे राज्य की सबसे लंबे समय तक विधायक रहने वाली महिला और असम की पहली महिला वित्त मंत्री होने का गौरव रखती हैं। उनका जन्म 1964 में गुवाहाटी में हुआ था। अजंता की मां रेवती भी विधायक रहीं। अजंता का विवाह नेता और पूर्व मंत्री कर्मश्री नगेन न्योग से हुआ था। 1996 में उल्फा उग्रवादियों ने उनके पति की हत्या कर दी थी। वे एक उच्च-शिक्षित नेता हैं। उन्होंने गुवाहाटी विश्वविद्यालय से एमए, एलएलबी और 2001 में एलएलएम की डिग्री हासिल की हउन्होंने कुछ वर्षों तक गुवाहाटी उच्च न्यायालय में एक वकील के रूप में प्रैक्टिस भी की।

**राजनीतिक करियर:** पति की मृत्यु के बाद उन्होंने कांग्रेस से अपना राजनीतिक सफर शुरू किया था। 2020 में वे कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गईं। वे गोलाघाट से लगातार अजेय रही हैं। 2001 में पहली बार विधायक बनने के बाद, वे 2006, 2011, 2016, 2021 में विजयी रहीं और यह उनका लगातार छठा कार्यकाल है।

### रामेश्वर तेली

रामेश्वर तेली असम में भाजपा के प्रमुख नेता हैं। वे विशेष रूप से असम के चाय बागान समुदाय के एक कद्दावर नेता माने जाते हैं। उनका जन्म 14 अगस्त 1970 को असम के दुलियाजान में हुआ था। उनके पिता का नाम बुधू तेली और माता का नाम दुलका तेली है। उनके पिता एक ड्राइवर थे और तेली का बचपन काफी संघर्षपूर्ण रहा। किशोरावस्था में वे स्नैक्स के लिए ब्रेड खरीदने हेतु रतालू और फर्न बेचा करते थे। उन्होंने 1989 तक 10वीं कक्षा की शिक्षा प्राप्त कर ली। वे पहली बार 2001 में दुलियाजान से विधायक चुने गए।

**राजनीतिक करियर:** 2014 से 2024 तक उन्होंने लोकसभा में डिब्रूगढ़ क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया और बाद में अगस्त 2024 में राज्यसभा के सांसद भी बने। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल में उन्होंने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, और श्रम एवं रोजगार मंत्रालय में राज्य मंत्री के रूप में कार्य किया। अब उन्होंने सरमा के मंत्रिमंडल में मंत्री पद की शपथ ली है।

**वित्तीय और कानूनी जानकारी:** 2026 के हलफनामे के मुताबिक, उनकी कुल घोषित संपत्ति लगभग 3.17 करोड़ रुपए है। उनका कानूनी रिकॉर्ड बिल्कुल साफ है और उन पर कोई भी आपराधिक मामला दर्ज नहीं है।

### चरण बोरो

चरण बोरो असम के राजनीतिक दल बोडोलैंड पीपल्स फ्रंट पार्टी के कद्दावर नेता हैं। वे मजबत निर्वाचन क्षेत्र से लगातार तीसरी बार विधानसभा के लिए चुने गए हैं। उन्होंने पिछली सरकार के मंत्रिमंडल में परिवहन मंत्री के रूप में कार्य किया था। 46 वर्षीय चरण के एक उच्च-शिक्षित नेता हैं। उन्होंने 2003 में गुवाहाटी विश्वविद्यालय से गणित में मास्टर डिग्री हासिल की है।

**वित्तीय और कानूनी स्थिति**

उनके चुनावी हलफनामे के अनुसार, उनके पास लगभग 6.18 करोड़ की कुल घोषित संपत्ति है। इसके उलट, उनके ऊपर लगभग 4.37 करोड़ की देनदारी भी है। आपराधिक मामले में उनका रिकॉर्ड बिल्कुल साफ है और उनके खिलाफ कोई भी आपराधिक मामला दर्ज नहीं है।

## पेट्रोलियम मंत्री पुरी ने बताया

अफवाहों को किया खारिज

# न तेल की किल्लत, न लॉकडाउन देशभर में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध



**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध और वैश्विक अस्थिरता के बीच भारत के आम आदमी के लिए राहत भरी खबर है। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने देश में ईंधन की कमी और संभावित लॉकडाउन को लेकर चल रही तमाम अटकलों और अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया है।सीआईआई समिट में पुरी ने स्पष्ट किया कि भले ही पिछला कुछ समय चुनौतीपूर्ण रहा है, लेकिन भारत ने इस संकट को अवसर में बदल दिया है।उन्होंने देश के ऊर्जा भंडार और तेल की कीमतों को लेकर स्थिति साफ की है। पुरी ने कहा कि हमें ऐसी अफवाहों को खत्म करने की जरूरत है। कोई लॉकडाउन नहीं लगने जा रहा है। ये सब सिर्फ 'मिथक' हैं और इनकी सच्चाई से कोई लेना-देना नहीं है।

### कंपनियों को 1.98 लाख करोड़ का घाटा

आम आदमी की जेब का ख्याल रखते हुए सरकार ने पिछले 4 साल से पेट्रोल की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं की है। पुरी ने कहा कि लोग चुनाव के बाद दाम बढ़ने की बातें करते थे, लेकिन 2022 के बाद कई चुनाव हुए और कीमतें स्थिर रहीं। आज तेल कंपनियां हर दिन 1,000 करोड़ का नुकसान उठा रही हैं। कुल घाटा 1,98,000 करोड़ तक पहुंच गया है. यह देश की अर्थव्यवस्था पर दबाव डाल रहा है, लेकिन हमने दुनिया के अन्य देशों की तरह इसका बोझ जनता पर नहीं डाला।

### देश में पर्याप्त मात्रा में तेल और गैस उपलब्ध

- **कच्चा तेल** : 60 दिनों का पर्याप्त स्टॉक
- **एलएनजी** 60 दिनों का बैकअप
- **रसोई गैस:** 45 दिनों का स्टॉक
- **इंटरनेशनल एनर्जी:** 76 दिनों का भंडार


### एलपीजी की किल्लत नहीं, उत्पादन बढ़ाया गया

युद्ध से पहले भारत की 60 फीसदी रसोई गैस 'हॉर्मुज जलडमरूमध्य' के रास्ते आती थी। युद्ध के कारण सप्लाई बाधित न हो, इसके लिए भारत ने अपनी घरेलू उत्पादन क्षमता को 36,000 एमटी से बढ़ाकर 54,000 एटी कर दिया है। पुरी ने साफ कहा कि देश में कहीं भी गैस या तेल की कोई कमी नहीं है।

**जीवनशैली में बदलाव का संदेश:** मंत्री ने प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण का जिक्र करते हुए कहा कि पीएम ने जनता को आगाह किया है कि युद्ध का असर भारत पर पड़ रहा है यदि यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है, तो हमें अपनी जीवनशैली में कुछ बदलाव सोचने पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि तमाम चुनौतियों के बावजूद भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा रिफाइनर और पेट्रोलियम उत्पादों का चौथा सबसे बड़ा निर्यातक बनकर उभरा है। पुरी के बयान ने उन अफवाहों पर विराम लगा दिया है।

## खबर संक्षेप

### हत्या मामले में पूर्व विधायक मिश्रा दोषी करार



**प्रयागराज।** विशेष न्यायाधीश एमपी/एमएलए कोर्ट के जज योगेश कुमार तृतीय ने हत्या मामले में पूर्व विधायक विजय मिश्रा समेत 4 लोगों को दोषी ठहराया है। मिश्रा भदोही जिले के विधायक थे और जेल में बंद हैं। यह हत्याकांड साल 1980 का है, जब प्रयागराज कचहरी परिसर के भीतर ही दिनदहाड़े हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया था। मिश्रा 3 बार सपा और एक बार निषाद पार्टी से विधायक रह चुके।

### जस्टिस मंथा आरजी कर सुनवाई से बाहर हो गईं



**कोलकाता।** चर्चित आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट के जस्टिस राजशेखर मंथा की बेंच ने मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। कोर्ट ने कहा कि कोर्ट में मामलों की संख्या अधिक है और इस संवेदनशील केस को पर्याप्त समय देने वाली बेंच के सामने सुनवाई होना न्यायहित में होगा।

## सीआईआई के कार्यक्रम में बोले मांडविया

# केंद्र सरकार गरीबों की समर्थक और श्रम व उद्योगों की हितैषी

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**



केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने मौजूदा सरकार को गरीब समर्थक और उद्योगों का हितैषी बताया है। उन्होंने यह भी कहा कि देश में चार नई श्रम संहिताएं पूरी तरह से अमल में आ गई हैं। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक बिजनेस समिट 2026 के दौरान केंद्रीय श्रम मंत्री ने कहा कि श्रम और उद्योगों को एक दूसरे के पूरक होना चाहिए और प्रभावी समन्वय के लिए बदलाव के अनुकूल व्यवहार करना चाहिए। मांडविया ने बताया कि चार नई श्रम संहिताओं में 29 श्रम कानूनों को एक आसान ढांचे में लाया गया है। सरकार 5 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद इस महीने की शुरुआत में नए नियम जारी कर चार नई श्रम संहिताओं को पूरी तरह अमल में ले आई है। ये चार श्रम संहिताएं हैं-वेतन संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 और पेशेवर सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य परिस्थितियां संहिता 2020।

## सीईए डॉ. नागेश्वरन ने कहा

# देश के विकास को तेजी से बढ़ाने सूक्ष्म उद्यमों का विकास जरूरी

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**



भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) डॉ. वी अनंत नागेश्वरन ने कहा कि भारत की भविष्य की ग्रोथ इस बात पर निर्भर करेगी कि सूक्ष्म उद्यमों को समावेशी रूप से अपनाने, अनुकूलन करने, विस्तार करने और प्रतिस्पर्धा करने में कितना सक्षम बनाया जाता है। सीआईआई वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में नागेश्वरन ने कहा कि कई बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में एमएसएमई टेक्नोलॉजी में पीछे नहीं, बल्कि इनोवेशन और टेक्नोलॉजी में काफी आगे है। उन्होंने कहा कि भारत के सूक्ष्म उद्यमों को भी इस दिशा में विकसित होना होगा और मजबूत ट्रेड स्किल हासिल करने होंगे। नागेश्वरन ने कहा कि उद्यमियों को अपनी स्किल में निवेश करना चाहिए और एक उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए, यह सुनिश्चित करते हुए कि उनके कर्मचारी चाहे वे अकाउंटिंग, एचआर या इन्वेंट्री जैसे सेवा क्षेत्रों में ही क्यों न हों फिर भी इन स्किल में निवेश करें।

## ग्रामीण विकास राज्य मंत्री पासवान आज से छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय दौरे पर

# पासवान समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे तथा योजनाओं लाभार्थियों से संवाद करेंगे

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान बुधवार और गुरुवार को छत्तीसगढ़ के 2 दिनी दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे ग्रामीण विकास मंत्रालय की विभिन्न प्रमुख योजनाओं के क्रियान्वयन वे प्रगति की समीक्षा करेंगे।

पासवान नवा रायपुर में राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों एवं विभागीय प्रतिनिधियों के साथ एक व्यापक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में राज्य में संचालित प्रमुख ग्रामीण विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। समीक्षा का मुख्य फोकस योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, अंतिम छोर तक पहुंच सुनिश्चित करने तथा ग्रामीण आजीविका एवं आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने वाले कार्यक्रमों के परिणामों को बेहतर बनाने पर रहेगा। वे लाभार्थियों, पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों तथा सामुदायिक हितधारकों के साथ संवाद भी करेंगे, ताकि विभिन्न योजनाओं के जमीनी प्रभाव का प्रत्यक्ष फीडबैक प्राप्त किया जा सके। यह संवाद ग्रामीण विकास कार्यक्रमों में सामुदायिक भागीदारी तथा क्षेत्रीय स्तर पर क्रियान्वयन का अनुभव प्रदान करेगा। दूसरे दिन पासवान संचालित कार्यों की जमीनी प्रगति का निरीक्षण करने हेतु क्षेत्रीय भ्रमण करेंगे। वे विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत निर्मित परिसंपत्तियों का अवलोकन भी करेंगे। इसके बाद स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं एवं अन्य लाभार्थियों से संवाद करेंगे, जो ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण, वित्तीय समावेशन एवं आजीविका संवर्धन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

## पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत देशभर में ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को सक्षम बनाने पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

# सरकार भविष्योन्मुखी ईवी इकोसिस्टम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है: कुमारस्वामी

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय (एमएचआई) ने 12 मई 2026 को बेंगलुरु में पीएम 'ई-ड्राइव योजना के तहत देश भर में ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को सक्षम बनाने' विषय पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया।

उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए, केंद्रीय भारी उद्योग और इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा कि भारत सरकार देश में स्वच्छ परिवहन के लिए एक आधुनिक और विश्वसनीय ईवी चार्जिंग इकोसिस्टम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि



पीएम ई-ड्राइव योजना शहरी और ग्रामीण भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी (परिवहन) को किफायती, भरोसेमंद और व्यापक रूप से उपलब्ध कराने के सरकार के दृढ़ संकल्प को दर्शाती है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि बड़े पैमाने पर ईवी को अपनाने की प्रक्रिया को तेज करने के लिए ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को मज़बूत बनाना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने कर्नाटक के 1,243 ईवी चार्जर्स के प्रस्तावों को 123.26 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ स्वीकृति देने की घोषणा की। अब तक, विभिन्न राज्यों और सीपीएसई में 4,874 ईवी चार्जर्स की स्थापना के लिए कुल 503.86 करोड़ रुपए के वित्तीय परिव्यय वाले ईवी चार्जिंग प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। स्वीकृत प्रस्तावों में एचपीसीएल, आईओसीएल और बीपीसीएल जैसे बड़े सीपीएसई के साथ-साथ राजस्थान, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, केरल, तेलंगाना, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे राज्य भी शामिल हैं। भारी उद्योग मंत्रालय के अपर सचिव डॉ. हनीफ़ कुरैशी ने कहा कि पीएम ई-ड्राइव पहल पूरे भारत में एक निर्बाध और भविष्योन्मुखी ईवी चार्जिंग नेटवर्क की नींव रख रही है। भारी उद्योग मंत्रालय इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों, इलेक्ट्रिक-तिपहिया वाहनों, इलेक्ट्रिक-कारों, इलेक्ट्रिक-बसों और इलेक्ट्रिक-ट्रकों के लिए ईवी चार्जर्स को सहायता प्रदान करेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि केंद्र, राज्यों, बीएचईएल, चार्ज पॉइंट ऑपरेटर्स और उद्योग के हितधारकों के बीच समन्वित प्रयास एक प्रभावी चार्जिंग इकोसिस्टम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, जो देश में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के विकास के अगले चरण को समर्थन देने में सक्षम होगा। पीएम ई-ड्राइव के अलावा, भारी उद्योग मंत्रालय इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चला रहा है। इनमें पीएलआई ऑटो (25,938 करोड़ रुपए), पीएलआई एसीसी (18,100 करोड़ रुपये), भुगतान सुरक्षा तंत्र (3,435 करोड़ रुपए ) और रेर अर्थ मैग्नेट योजना (7,280 करोड़ रुपए ) शामिल हैं। पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत, भारत सरकार ने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने और कई क्षेत्रों में ईवी इकोसिस्टम के विकास में मदद करने के लिए कुल 10,900 करोड़ रुपए के परिव्यय को मंजूरी दी है। यह योजना विभिन्न वाहन श्रेणियों और उनसे जुड़े पार्ट्स के लिए डिमांड इंसेंटिव और इंफ्रास्ट्रक्चर सपोर्ट देती है। इस योजना के तहत, लगभग 24.79 लाख इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों और लगभग 3.16 लाख इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर्स—जिनमें ई-रिक्शा, ई-कार्ट और एल5 श्रेणी के वाहन शामिल हैं को सहायता देने का प्रस्ताव है।

इसके अलावा, इस योजना में 14,028 से अधिक इलेक्ट्रिक बसों को चलाने के लिए 4,391 करोड़ रुपये की सहायता देने की भी परिकल्पना की गई है। वाणिज्यिक और सार्वजनिक सेवा क्षेत्रों में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने को बढ़ावा देने के लिए ई-एम्बुलेंस और ई-ट्रकों के लिए भी खास सपोर्ट शामिल किया गया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी लापता, युवक पर भगा ले जाने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र से सोमवार को एक किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। इस मामले में किशोरी की मां ने एक युवक पर उसे बहला फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला के मुताबिक उसकी 17 वर्षीया बेटी सोमवार दोपहर करीब एक बजे घर से किसी काम के लिए अकेले निकली थी। लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। बाद में परिजनों ने रिश्तेदारी और परिचितों के यहां उसकी तलाश की, लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका। इस मामले में किशोरी के परिजनों ने मोहल्ले में रहने वाले युवक इमरान पर उसे अपने साथ कहीं भगा ले जाने का संदेह जताते हुए आरोप लगाया है। परिजनों का आरोप है कि पूछताछ के बावजूद आरोपी युवक के परिजन किशोरी के बारे में कोई जानकारी नहीं दे रहे हैं। मामले को लेकर परिवार में चिंता का माहौल बना हुआ है। फिलहाल लापता किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

# बड़े मंगल पर डॉ राजेश्वर सिंह की सेवा यात्रा, संकट मोचन हनुमान संग्रहालय के विकास हेतु दिए 50 हजार

### भंडारा, सुंदरकांड और हवन कार्यक्रमों में उमड़ा जनसैलाब, डॉ राजेश्वर सिंह ने दिया सामाजिक समरसता का संदेश

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बड़े मंगल के पावन अवसर पर सरोजनीनगर विधायक डॉ राजेश्वर सिंह ने लखनऊ के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित 12 से अधिक भंडारा, सुंदरकांड, हवन, प्रसाद वितरण एवं धार्मिक आयोजनों में सहभागिता कर सनातन संस्कृति, सेवा और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। दिनभर चले इन कार्यक्रमों में श्रद्धालुओं का भारी जनसमूह उमड़ा और हर स्थान पर बजरंगबली के जयघोष गूंजते रहे। अलीगंज स्थित रविंद्र गार्डन में आयोजित बड़ा मंगल भंडारा एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम में डॉ राजेश्वर सिंह ने श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित किया तथा भक्तों का अभिवादन स्वीकार किया। वहीं राजपूताना, शहीद पथ के निकट आयोजित प्रसाद वितरण एवं भंडारा कार्यक्रम में बड़े भाई रामेश्वर सिंह के साथ सम्मिलित होकर सेवा कार्यों में सहभागिता की। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद जगदंबिका पाल, योगेन्द्र अवाना, प्रभुनाथ राय, आईएएस संजीव रंजन सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। गहरू पिपरसंड रोड स्थित संकट मोचन हनुमान संग्रहालय में आयोजित 16वें विशाल भंडारा कार्यक्रम में डॉ राजेश्वर सिंह ने मंदिर की छत निर्माण हेतु ?50,000 की सहयोग राशि प्रदान की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मंदिर केवल आस्था के केंद्र नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, सेवा और सामाजिक एकता के प्रतीक हैं। श्री झाड़ेश्वर मंदिर परिसर में आयोजित भंडारा एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम में



डॉ राजेश्वर सिंह ने मंदिर परिसर में स्थापित वाटर कूलर का उद्घाटन किया तथा गुरुकुल में वेद अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने का संकल्प लिया। इसके अतिरिक्त डॉ राजेश्वर सिंह ने रत्नाकर खंड, साउथ सिटी में आयोजित विशाल भंडारा एवं सुंदरकांड कार्यक्रम, आशियाना सेक्टर ट/ठ पुलिया स्थित भंडारा, तेलीबाग के रथिंद नगर स्नेह खंड जन कल्याण समिति द्वारा आयोजित विशाल भंडारा तथा वृंदावन पैलेस में आयोजित सुंदरकांड पाठ एवं महाप्रसाद सेवा कार्यक्रम में सहभागिता की। खांडे देव, बंथरा में आयोजित श्री बजरंगबली जी की प्राण प्रतिष्ठा एवं भंडारा कार्यक्रम में शामिल होकर उन्होंने पूजा-अर्चना की तथा श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया। वहीं मिजार्पुर औरंगाबाद खालसा, सेक्टर-ड में आयोजित हवन एवं विशाल भंडारा तथा चौक स्थित श्री कोनेश्वर महादेव मंदिर में स्वर्गीय आशुतोष टंडन 'गोपाल जी' की स्मृति में आयोजित विशाल भंडारे में भी उन्होंने सहभागिता कर श्रद्धालुओं के साथ प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान डॉ राजेश्वर सिंह ने कहा कि बड़ा मंगल केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं, बल्कि सेवा, संस्कार, दान और सामाजिक समरसता का महापर्व है। उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा हमें समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा और सहयोग पहुंचाने की प्रेरणा देती है तथा यही भारत की सांस्कृतिक शक्ति का आधार है।

### सरोजनीनगर में डॉ राजेश्वर सिंह का 'आस्था और सम्मान' अभियान बना सनातन संरक्षण का प्रतीक

सरोजनी नगर विधानसभा में डॉ राजेश्वर सिंह द्वारा 27 सितम्बर 2022 से निरंतर 'रामोत्सव श्रवण अयोध्या यात्रा' संचालित की जा रही है, जिसके माध्यम से अब तक 57 यात्राओं में 150 बसों द्वारा 8000 से अधिक श्रद्धालुओं को श्रीराम लला, हनुमानगढ़ी एवं अन्य प्रमुख तीर्थ स्थलों के दर्शन कराए जा चुके हैं। यात्रा के दौरान दर्शनार्थियों के लिए जलपान, भोजन, सुरक्षित यात्रा एवं रामचरितमानस वितरण की व्यवस्था भी की जाती है। डॉ राजेश्वर सिंह द्वारा अब तक 220 से अधिक मंदिरों में सीएसआर के माध्यम से हैंडपंप, सोलर लाइट एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। मंदिरों में श्रद्धालुओं की सुविधाओं के विस्तार हेतु 30 लाख से अधिक की धनराशि निजी संसाधनों से प्रदान की जा चुकी है। झाड़ेश्वर मंदिर के विकास हेतु 5 करोड़ 32 लाख, रितेश्वर मंदिर हेतु लगभग 1.05 करोड़ तथा परवर पश्चिम स्थित जल साईनाथ मंदिर हेतु 1 करोड़ की धनराशि से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। वहीं नीलेश्वर मंदिर एवं बनी क्षेत्र के मंदिरों के सौंदर्यीकरण पर भी करोड़ों रुपये व्यय किए गए हैं। प्राचीन झाऊश्वर मंदिर, हरौनी में कार्य तथा महाशिवरात्रि के अवसर पर 1 किलो चांदी का मुकुट भी अर्पित किया गया।

## मलिहाबाद को मिली बड़ी सौगात, एसीपी कोर्ट का शुभारंभ

**अब 30 किलोमीटर दूर नहीं दौड़ेंगे लोग, मलिहाबाद में ही होगी सुनवाई**

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। मलिहाबाद क्षेत्र के लोगों और अधिवक्ताओं के लंबे संघर्ष का आखिरकार मंगलवार को सुखद परिणाम सामने आया, जब मलिहाबाद में एसीपी कोर्ट का विधिवत शुभारंभ किया गया। एसीपी सुजीत कुमार दुबे ने फीता काटकर कोर्ट का उद्घाटन किया। कोर्ट शुरू होते ही अधिवक्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई और उन्होंने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर इस उपलब्धि का जश्न मनाया।

कई महीनों से मलिहाबाद बार एसोसिएशन लगातार इस मांग को उठा रहा था कि रहीमाबाद, मलिहाबाद और माल क्षेत्र से जुड़े मामलों की सुनवाई स्थानीय स्तर पर कराई जाए। अधिवक्ताओं का कहना था कि शांति भंग की धारा 151/107/116 समेत अन्य मामलों में लोगों को सुनवाई के लिए करीब 30 किलोमीटर दूर दुबग्गा जाना पड़ता था, जिससे समय और धन दोनों की भारी परेशानी होती थी।

मांग पूरी न होने पर फरवरी माह में अधिवक्ताओं ने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन भी किया था। लगातार संघर्ष और प्रशासन से वार्ता के बाद आखिरकार मलिहाबाद में एसीपी कोर्ट शुरू कर दिया गया, जिससे अब क्षेत्रीय लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। बार एसोसिएशन अध्यक्ष सम्राट सिंह और महामंत्री कमलेश कुमार ने कहा कि यह सिर्फ अधिवक्ताओं की नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र की जीत है। कोर्ट खुलने से आम जनता को अब न्यायिक प्रक्रिया के लिए भटकना नहीं पड़ेगा और समय पर सुनवाई संभव हो सकेगी। इस मौके पर इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी, बड़ी संख्या में अधिवक्ता, पुलिसकर्मी और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## बड़े मंगल का पर्व सेवा, समर्पण और श्रद्धा का प्रतीक - डा. नीरज सिंह

**स्व. प्रदीप भार्गव जी की पुण्य स्मृति में आयोजित बड़े मंगल भंडारे में शामिल हुए भाजपा वरिष्ठ नेता डॉ. नीरज सिंह**

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। अशोक सिंघल चौराहा, कैन्ट रोड स्थित परिसर में स्वर्गीय प्रदीप भार्गव की पुण्य स्मृति में पावन बड़े मंगल भंडारे का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता डॉ. नीरज सिंह, भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने उपस्थित होकर दिवंगत पुण्य आत्मा को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. नीरज सिंह ने कहा कि बड़े मंगल का पर्व सेवा, समर्पण और श्रद्धा का प्रतीक है। ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन समाज में एकता, सद्भाव और संस्कारों को सुदृढ़ करने का कार्य करते हैं। लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने आयोजित भंडारा प्रसाद वितरण में सहभागिता कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया एवं बजरंगबली का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद चित्रगुप्त धाम झूलेलाल वाटिका में दिलीप श्रीवास्तव द्वारा आयोजित भंडारे में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर भाजपा लखनऊ महानगर मंत्री अपूर्व भार्गव, राष्ट्रीय सयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह कृष्ण गोपाल, प्रान्त प्रचारक कौशल, पर्यावरण प्रमुख गोपाल आर्य, प्रमुख प्रचारक मनोज कांत, विभाग कार्यवाह प्रशांत भाटिया, राष्ट्र धर्म निर्देशक अभिनव भार्गव एवं शिप्रा पाठक ह्यवाटर वुमन ऑफ इंडियाह्व सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## फांसी के फंदे पर झूलकर छात्रा की मौत

**रहीमाबाद के ककरहिया खेड़ा गांव की घटना**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। अज्ञात कारणों के चलते छात्रा ने घर के अंदर फांसी के फंदे से लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम ककरहिया खेड़ा निवासी पिंटू गौतम की 15 वर्षीय बेटी नैना ने मंगलवार दोपहर को घर के अंदर बरामदे में अज्ञात कारणों के चलते हुक से साड़ी के सहारे लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली घटना के समय घर के सभी व्यक्ति बाहर गए हुए थे। दोपहर को पिता पिंटू वापस घर लौटे तो देखा कि घर के दरवाजे की कुंडी बंद है कई बार बेटी को आवाज देने के बाद भी अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। तब वह पड़ोस की छत से घर में दाखिल हुआ तो देखा कि बेटी बरामदे में फांसी के फंदे से झूल रही थी। यह देख पिता दंग रह गया जिसकी सूचना उसने पुलिस को दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पिता ने बताया कि बेटी नैना ने इसी वर्ष दिलावर नगर गांव में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय से कक्षा 8 की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। बेटी ने ऐसा कदम क्यों उठाया यह कुछ समझ में नहीं आ रहा है। किसी बात को लेकर घर में कोई विवाद भी नहीं हुआ। पोस्टमार्टम के बाद छात्रा का शव घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया देर शाम परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया। मृतका के परिवार में माता रानी, दो भाई वीरू, सूर्या है जिनका रो-रो कर बुराहाल है। इस संबंध में रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# शहर में सड़क, लाइब्रेरी, पार्क व एयर क्वालिटी सुधार के होंगे काम

### 15वें वित्त आयोग व अवस्थापना निधि के 110 करोड़ होंगे खर्च, सुंदरीकरण और बेहतर सुविधाओं पर रहेगा विशेष फोकस

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** नगर निगम में मंगलवार को स्मार्ट सिटी कार्यालय में महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में बताया गया कि अवस्थापना निधि के तहत नगर निगम को कुल 169.39 करोड़ रुपये की धनराशि मिली है। पहले से स्वीकृत कार्यों और अतिरिक्त आवश्यकताओं को समायोजित करने के बाद लगभग 99.13 करोड़ रुपये नए विकास कार्यों के लिए उपलब्ध हैं। अधिकारियों ने कहा कि इस राशि से शहर में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत किया जाएगा।

नगर आयुक्त गौरव कुमार ने बताया कि शहर के सौंदर्यीकरण, स्वच्छता व्यवस्था, शिक्षा और अवस्थापना सुविधा, कूड़ा प्रबंधन और वायु गुणवत्ता सुधार को प्राथमिकता देते हुए कई महत्वपूर्ण कार्यों को मंजूरी दी गई। नगर निगम द्वारा पार्कों के विकास, फ्लाईओवर के नीचे सौंदर्यीकरण,



आधुनिक लाइब्रेरी और विद्यालय निर्माण, मेकेनाइज्ड रोड स्वीपिंग मशीनों के संचालन तथा सड़क और पेयजल व्यवस्था सुधार जैसे कार्यों पर विशेष जोर दिया गया।

**जानकीपुरम में बनेगी आधुनिक लाइब्रेरी :** जानकीपुरम सेक्टर-एफ में इंजीनियरिंग कॉलेज के पास करीब 12 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक लाइब्रेरी बनाने का प्रस्ताव रखा गया। इसमें बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए अलग-अलग सुविधाएं होंगी। इसके साथ बैंक और पब्लिक लाइब्रेरी की व्यवस्था भी की जाएगी।

बैठक में सड़क और नाली निर्माण के लिए 50 करोड़ रुपये खर्च करने का प्रस्ताव रखा गया। इसके अलावा निगम विद्यालयों के निर्माण के लिए 20 करोड़ रुपये तथा सामुदायिक केंद्र, कल्याण मंडप और उत्सव वाटिका के निर्माण एवं विकास के लिए भी 20 करोड़ रुपये प्रस्तावित किए गए। अधिकारियों ने कहा कि इन कार्यों से नागरिक सुविधाएं बेहतर होंगी और नगर निगम की आय भी बढ़ेगी। बैठक में जोन-7 के सर्वोदय नगर में नई केंद्रीय कार्यशाला और आरआर कार्यालय के निर्माण एवं विकास के लिए 10 करोड़ रुपये के अतिरिक्त बजट को मंजूरी दी गई।

**पार्क, वेंडिंग जोन और फ्लाईओवर क्षेत्र का होगा विकास :** लक्ष्मण पार्क, शहीद पार्क और अन्य थीम पार्कों के विकास के लिए 12 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। साथ ही नाला निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। वहीं वेंडिंग जोन के निर्माण और विकास पर 10 करोड़ रुपये तथा फ्लाईओवर के नीचे सौंदर्यीकरण, पार्किंग और स्पोर्ट्स एक्टिविटी के लिए भी 10 करोड़ रुपये खर्च करने का प्रस्ताव रखा गया।

**पेयजल, स्ट्रीट लाइट और कूड़ा प्रबंधन पर भी जोर :** बैठक में पेयजल व्यवस्था सुधारने के लिए ओवरहेड वाटर टैंक के जीर्णोद्धार और 20 नए ट्यूबवेल लगाने की योजना पर चर्चा हुई। इसपर 10 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा स्ट्रीट लाइट और विद्युतीकरण कार्यों के लिए 5 करोड़ रुपये तथा हार्टीकल्चर वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट और कूड़ा प्रबंधन कार्यों के लिए 15 करोड़ रुपये प्रस्तावित किए गए।

**15वें वित्त आयोग से वायु गुणवत्ता सुधार कार्यों को मिली रफ्तार :** बैठक में 15वें वित्त आयोग की संस्तुतियों के तहत वर्ष 2025-26 में वायु गुणवत्ता सुधार के लिए नगर निगम को प्राप्त 8.62 करोड़ रुपये की धनराशि से कराए जाने वाले कार्यों को भी मंजूरी दी गई। यह अनुदान प्रदेश के मिलियन प्लस सिटी श्रेणी के नगरीय निकायों को एयर क्वालिटी बेहतर बनाने के उद्देश्य से दिया गया है। इस धनराशि का उपयोग भारत सरकार और उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार किया जाएगा।

**रोड स्वीपिंग मशीन और सड़कों के निर्माण पर खर्च होगी धनराशि :** एसबीएम 2.0 योजना में स्वीकृत 10 मेकेनाइज्ड रोड स्वीपिंग मशीनों के संचालन के लिए लगभग 4.74 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई। इसके अलावा शहर में धूल और प्रदूषण कम करने के उद्देश्य से एज-टू-एज सड़क निर्माण कार्यों पर लगभग 4.50 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। अधिकारियों के अनुसार इन कार्यों से शहर की सफाई व्यवस्था मजबूत होगी और वायु गुणवत्ता में सुधार आएगा।

## पुराने हाईकोर्ट के पास 230 अतिक्रमण चिह्नित

**लखनऊ।** जिला सत्र न्यायालय (पुराना हाईकोर्ट), रजिस्ट्रार आफिसर कैसरबाग के आस पास सड़क, फुटपाथ व सार्वजनिक स्थान पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू हो गई है। कोर्ट के सख्त आदेश के बाद नगर निगम ने यहां सड़कों पर वकीलों चैंबर्स की दीवारों पर लाल क्रॉस लगा दिए हैं। इसके साथ ही नोटिस लगाया है, जिसमें 16 मई तक का समय दिया गया है। कहा गया है कि अगर 16 तक ये अतिक्रमण नहीं हटाए गए तो 17 तारीख को अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। उस दौरान जो भी खर्च आएगा, उसका वहन अतिक्रमणकारी को करना होगा। जोनल अधिकारी अधिकारी ओम प्रकाश सिंह ने बताया यहां करीब 230 से अधिक अतिक्रमण चिन्हित किए गए हैं। इनमें लगभग 70 चैंबर्स को नाम से नोटिस दी गई है जबकि अन्य चैंबर व अतिक्रमण पर नोटिस चस्पा की गई है। हाईकोर्ट में लखनऊ नगर निगम की ओर से दाखिल रिपोर्ट में बताया गया कि कोर्ट क्षेत्र में अतिक्रमण चिह्नित किए गए हैं। इनमें अधिकांश वकीलों के चैंबर हैं। कुछ दुकानें भी हैं। अदालत ने इससे पहले भी नगर निगम को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन, पुलिस बल पर्याप्त न होने पर कार्रवाई पूरी नहीं हो सकी थी। नगर निगम की टीम ने पुलिस की मौजूदगी में सुबह नोटिस चस्पा करने के साथ ही क्रास लगाए हैं। समाचार पत्रों में भी सार्वजनिक सूचना भी प्रकाशित कर दी गई है। इसकी जानकारी होने पर कुछ वकीलों ने खुद की अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया है।

## आलमबाग नटखेड़ा युवा व्यापार मंडल ने लगाया भंडारा

**लखनऊ।** बड़े मंगल के पावन अवसर पर आलमबाग नटखेड़ा युवा व्यापार मंडल की ओर से आलमबाग नटखेड़ा रोड पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और बजरंगबली के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर पूर्व विधान परिषद सदस्य अरविंद त्रिपाठी गुड्डू ने जय श्रीराम के नारे लगाए और सभी को बड़े मंगल की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों और स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। भंडारे में अध्यक्ष मनीष अरोड़ा, राजेश बत्रा, संतोष तिवारी, राजन सोनकर, उपकार सिंह, लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा, चेयरमैन राजेंद्र अग्रवाल, भूतनाथ व्यापार मंडल के अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता तथा अरविंद पाठक सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पीएम की अपील पर मंत्री ने की रेलयात्रा, बाइक से चलेंगे

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पेट्रोल-डीजल बचाने की अपील पर व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एंव उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिलदेव अग्रवाल ने गाड़ियों का काफिला छोड़ कर ट्रेन से यात्रा की।

नई दिल्ली में इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल-तीन से बाहर निकलने के बाद वह मेट्रो स्टेशन पहुंचे और यहां से सराय काले खां रेलवे स्टेशन पहुंचे। वहां से नमो भारत ट्रेन से मेरठ के लिए प्रस्थान किया। मेरठ में वह मोदीपुरम स्टेशन पर उतरे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच केवल ईंधन बचत तक सीमित नहीं है। वह दूरदर्शी हैं और पर्यावरण संरक्षण, आर्थिक बचत और भविष्य की पीढ़ियों के लिए संसाधनों को सुरक्षित रखने का व्यापक अभियान है। वहीं, हस्तिनापुर से विधायक और जलशक्ति राज्य मंत्री दिनेश खटीक ने एक बड़ा फैसला लेते हुए अपनी सरकारी स्कॉर्ट (सुरक्षा दस्ता) को मंगलवार को वापस कर दिया है। उन्होंने घोषणा की है कि वे अब क्षेत्र में भ्रमण और सामान्य कार्यों के लिए बाइक का उपयोग करेंगे। दिल्ली जाना होगा तो रैपिड से जाएंगे और दिल्ली में मेट्रो से चलेंगे। लखनऊ जाना होगा तो ट्रेन से चलेंगे। मंत्री ने अपने समर्थकों और कार्यकर्ताओं से भी आह्वान किया है कि वे वाहनों का कम से कम प्रयोग करें। प्रधानमंत्री ने देशहित और पर्यावरण सुरक्षा के लिए संसाधनों के संयमित उपयोग का आह्वान किया है, उसी का पालन करते हुए उन्होंने यह कदम उठाया है।

### पीएम की अपील का असर, महापौर ने वापस की एक गाड़ी

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पेट्रोल-डीजल बचत की अपील के बाद महापौर सुषमा खर्कवाल ने बड़ी पहल की है। उन्होंने नगर निगम से मिलीं 2 गाड़ियों में से एक गाड़ी वापस की दी है। साथ ही नगर निगम में पेट्रोल-डीजल बचत और संसाधनों के बचत को लेकर नगर आयुक्त गौरव कुमार को पत्र भेजा है। उसमें निर्देश दिए हैं कि जिन अधिकारियों को दो सरकारी वाहन आवंटित हैं, उनसे एक वाहन तत्काल वापस लिया जाए। केवल उन्हीं अधिकारियों को सरकारी वाहन दिया जाएं, जिन्हें नियमों के तहत इसकी अनुमति है।

- **अफसरों को एक वाहन देने का निर्देश, घर न जाएं टिफिन साथ लाएं**

उन्होंने यह भी कहना है कि अफसर-कर्मचारी दिन में घर न जाकर भोजन करने के बजाय टिफिन साथ में लाएं। महापौर सुषमा खर्कवाल ने अधिकारियों और कर्मचारियों से दोपहर में भोजन के लिए घर जाने के बजाय टिफिन लाने की अपील की है। उनका कहना है कि इससे अनावश्यक वाहन चलने कम होंगे और पेट्रोल-डीजल की बचत होगी। नगर आयुक्त को भेजे गए निर्देश में कहा गया है कि छोटे-छोटे स्तर पर बचत की आदतें अपनाकर बड़े स्तर पर संसाधनों की रक्षा की जा सकती है। महापौर सुषमा खर्कवाल का कहना है कि मौजूदा परिस्थितियों में पेट्रोल-डीजल और सरकारी संसाधनों का सही उपयोग बेहद जरूरी है। सुषमा खर्कवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री की अपील के बाद नगर आयुक्त को पत्र लिखा है। नगर निगम के संसाधन की बचत करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल और अन्य संसाधन बचाने के लिए हर किसी को पहल करनी होगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वाहन उपयोग की अनुमति केवल उन्हीं अधिकारियों एवं अभियंताओं को दी जाए, जिन्हें शासन अथवा नियमों के अनुसार वाहन आवंटित किए जाने का प्रावधान है।

## महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा पद पर आईएएस अधिकारियों की तैनाती को चुनौती

अमन लेखनी समाचार

- **हाईकोर्ट ने संबंधित विनियम के तहत लिए गए निर्णयों को अपने आदेश के किया अधीन**

**लखनऊ।** महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा (डीजीएमई) पद पर आईएएस अधिकारियों की तैनाती को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में जनहित याचिका दाखिल की गई है। याचिका पर सुनवायी के बाद न्यायालय ने महाधिवक्ता को नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। साथ ही 28 जून 2023 को यूपी मेडिकल एजुकेशन सर्विस रूल्स-1990 में किए गए संशोधन के आधार पर लिए जाने वाले सरकार के निर्णयों को अपने आदेश के अधीन कर लिया है। मामले की अगली सुनवायी छह सप्ताह बाद होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने स्थानीय अधिवक्ता मोतीलाल यादव की जनहित याचिका पर पारित किया है। याचिका में कहा गया है कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम और एनएमसी विनियम के अनुसार डीजीएमई जैसे पद के लिए एमडी/एमएस डिग्री व न्यूनतम 10 वर्ष का शिक्षण अनुभव अनिवार्य है। ऐसे में आईएएस अधिकारी इस पद के लिए पात्र नहीं हो सकते। बावजूद इसके राज्य सरकार ने 28 जून 2023 को सम्बंधित नियमावली में संशोधन करते हुए, यह व्यवस्था कर दी कि आईएएस अधिकारी जो सचिव स्तर से नीचे का न हो, को भी प्रतिनियुक्ति पर महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा व ट्रेनिंग के पद पर तैनात किया जा सकता है।

याची ने संविधान के अनुच्छेद 254 का हवाला देते हुए कहा है कि मेडिकल शिक्षा समवर्ती सूची का विषय है इसलिए यदि राज्य सरकार का नियम संसद द्वारा बनाए गए एनएमसी कानून और विनियमों से विपरीत है तो केंद्रीय कानून को प्राथमिकता मिलेगी और राज्य का संशोधन निरस्त माना जाना चाहिए।

## चौक के लोहिया पार्क में ओटीएस के लिए लगेगा कैम्प

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) के अंतर्गत चौक स्थित लोहिया पार्क में 13 एवं 14 मई को 02 दिवसीय कैंप लगाया जा रहा है। उप सचिव माधवेश कुमार ने बताया कि डिफॉल्टर आवंटी इस अवसर का लाभ उठाकर कैंप में आकर ओटीएस के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवंटियों की सुविधा के लिए अधिशासी अभियंता मनोज सागर व विशेष कार्याधिकारी देवांश त्रिवेदी की अध्यक्षता में कैंप में संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। जिनके द्वारा आवंटियों को योजना की विस्तृत जानकारी देने के साथ ही ऑनलाइन फॉर्म भरने में सहयोग प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त ओटीएस-2026 के लिए प्राधिकरण भवन में स्थापित विशेष हेल्प डेस्क भी संचालित रहेगा।

## आदर्श व्यापारी एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री के बयान पर जताया विरोध

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री मोदी की ओर से देश की जनता से सोना न खरीदने की अपील के विरोध में आदर्श व्यापारी एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नाम एक ज्ञापन समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता दीपक रंजन एवं कांग्रेस पार्टी के नगर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी को भी दिया। जिसमें पीएम मोदी की ओर से दिए गए बयान की निन्दा की गई और बताया गया कि देश का 80 लाख व्यापारी स्वर्ण व्यवसाय से जुड़ा हुआ है, स्वर्ण व्यवसाय पहले से आर्थिक मंदी के दौर से गुजर रहा है, ऐसे में ऐसे बयान से सराफा व्यापारियों का मनोबल गिरेगा, व्यापार प्रभावित होगा, जिससे व्यापारी बच्चों की स्कूल फीस, दुकानों का किराया, बैंक की किश्ते, स्टाफ की सैलेरी, दुकानों का गृहकर आदि देने में असमर्थ हो जाएगा, और स्वयं मुखमरी के कगार पर आ जाएगा।

## संक्षेप

### अवैध कटे तीन नीम के पेड़ों को ग्राम प्रधान के किया सुपुर्द

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर क्षेत्र के गाँव चिलौली में ग्राम प्रधान रामलखन की सूचना पर पहुँचे क्षेत्रीय लेखपाल सतीश सिंह ने कटे पड़े तीन नीम के पेड़ों को जब्त कर ग्राम प्रधान के सुपुर्द कर दिया।क्षेत्रीय लेखपाल ने बताया गाटा सं0 894 क्षे0 0.048 हे0 जो राजस्व अभिलेखों में नवीन परती दर्ज है, में स्थित तीन नीम के पेड़ उम्र लगभग 40 वर्ष काटे गये है जिनकी लड़की मौके पर पड़ी है। जाँच के समय स्थानीय प्रधान मौके पर उपस्थित थे उनको सुपुर्द कर दिया गया है। मौके पर लकड़ी काटने वाले नही मिले है।उत्तर प्रदेश ग्रामीण एवं पर्वतीय क्षेत्रों में वन सरंक्षण अधिनियम 1976 के तहत मुकदमा दर्ज करवा दिया गया है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध की हुई मौत

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के लालपुर मजरे जमीपुर निवासी राम बख्श उर्फ दउवा पुत्र रामलाल 60 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों मे मौत के मामले मे सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।थाना क्षेत्र के लालपुर जमीपुर निवासी राम बख्श की सोमवार की रात अचानक तबियत खराब होने पर परिजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपुर ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सौ शैया बीघापुर रेफर कर दिया गया। जहां उपचार के दौरान रात मे निधन हो गया। गाँव वालों के अनुसार राम बक्श ने किसी कारण से जहरीला पदार्थ खा लिया था। मरीज की संदिग्ध परिस्थितियों के देखते हुए डाक्टर ने पुलिस को सूचना दी।सूचना पर पहुंची बिहार थाना पुलिस ने शव को कब्जे मे कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता था।दो बेटे पवन 25 व रजनीश 22 है। बेटी लक्ष्मी की शादी हो चुकी है। पत्नी राम कुमारी रो रो कर बेहाल है। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया की शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं तहरीर के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

### खेलते खेलते गंगा नदी में गिरने से मासूम की हुई मौत

सुमेरपुर, उन्नाव। बारासगवर थाना क्षेत्र के गांव गढ़ेवा निवासी राकेश कुमार का 8 वर्षीय पुत्र गंगा कुमार की गंगा में डूब जाने से मौत हो गई सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम भेजा है।गढ़ेवा निवासी राकेश कुमार गंगा की कटरी में टिंडा की फसल लगाए हुए हैं।राकेश अपनी पत्नी राजकुमारी व 8 वर्षीय पुत्र गंगा कुमार को लेकर लगभग 4:00 बजे खेतो में ठिंडा की तुड़ाई करने गए हुए थे अचानक खेलते खेलते उनका पुत्र गंगा कुमार गंगा किनारे पहुंचा और वही पैर फिसल जाने से गंगा में चला गया। माता-पिता जब तक लोगों को आवाज देते तब तक गंगा कुमार गंगा की गहराई में चला गया।स्थानीय लोगों की मदद से आधे घंटे बाद गंगा कुमार का शव गंगा नदी से निकाला गया।सूचना पर पहुंचे थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्र ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम भेजा है मृतक गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में कक्षा 1 में पढ़ता था। मृतक चार बहनों में अकेला था।

## मोबाइल व केबल चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अजगैन थाना पुलिस व सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मोबाइल और केबल चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा कर पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से चोरी के मोबाइल फोन, करीब 2060 रुपये नकद, एक अदद प्लास, अदद सरिया, केबल तार व अन्य उपकरण बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार एसपी उन्नाव के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अजगैन थाना पुलिस और सर्विलांस टीम ने कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपितों में सुरेश उर्फ चटेल पुत्र कल्लू निवासी मवैया थाना माखी, छोटू उर्फ फूलचंद निवासी रायपुर बुजुर्ग थाना सफीपुर, राम अवतार निवासी मवैया थाना माखी, जरीश पुत्र राम अवतार निवासी मवैया थाना माखी तथा सुनील पुत्र कुंवर निवासी नामरखेड़ा मजरा मवैया थाना अजगैन शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि 14 सितंबर 2025 की रात अजगैन क्षेत्र में मोबाइल व केबल चोरी की घटनाएं हुई थीं। जांच के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने संदिग्धों को घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपितों ने विभिन्न क्षेत्रों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया। जामा तलाशी में आरोपितों के पास से एक वीवो एंड्रायड मोबाइल, अन्य मोबाइल फोन, नकदी, केबल तार, प्लास और सरिया बरामद हुए। आरोपितों की निशानदेही पर हरदोई जनपद के थाना माघोंगंज क्षेत्र में सोलर प्लांट के पास से चोरी किया गया केबल तार भी बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया है। कार्रवाई करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार सिंह, एसआई जय प्रकाश यादव, सर्विलांस प्रभारी अब्दुल वर्मा सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## जेठ के द्वितीय मंगलवार को मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। विकास खंड क्षेत्र के कस्बा बारा स्थित महावीर बाबा मंदिर में जेठ के द्वितीय मंगलवार को भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंची।भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने बाबा बजरंगबली के दर्शन कर अपने परिवार और लोक कल्याण की कामना की। मंदिर परिसर में हवन पूजन तथा मुंडन छेदन संस्कार भी संपन्न हुए। मंदिर परिसर में रहने वाले महंत भंगड़ महाराज ने भंडारे का आयोजन किया जिसमें मंदिर में आए सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। नगर पंचायत बीघापुर में बटपनिया महारानी मंदिर परिसर में भी कृष्ण कुमार यादव राजकुमार यादव आदि श्रद्धालुओं ने स्टाल लगाकर शरबत वितरण किया।

## 42 दिनों से प्रभावित रेल संचालन जल्द होगा बहाल

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गंगापुल पर रेलवे ट्रैक पर स्लीपर बदलने और मरम्मत कार्य के कारण पिछले 42 दिनों से प्रभावित रेल संचालन जल्द ही बहाल होने की उम्मीद है। रेलवे विभाग द्वारा चलाया जा रहा यह ट्रैक सुधार कार्य अब अंतिम चरण में पहुंच गया है। अधिकारियों के अनुसार, ट्रैक में स्लीपर लगाने का लगभग 99 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है, और अब केवल लगभग 25 स्लीपर लगाए जाने का कार्य शेष है। रेलवे विभाग की टीम लगातार युद्धस्तर पर कार्य कर रही है। मजदूरों और तकनीकी कर्मचारियों की कई टीमें दिन-रात ट्रैक पर काम में जुटी हुई हैं, ताकि शेष कार्य को जल्द से जल्द पूरा किया जा सके। अधिकारियों ने बताया कि कार्य में तेजी लाई गई है और अनुमान है कि मंगलवार शाम तक पूरा काम समाप्त कर लिया जाएगा। इस मरम्मत और स्लीपर बदलने के कार्य के कारण पिछले लगभग डेढ़ महीने से कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहा। पैसेंजर ट्रेनों से लेकर सुपरफास्ट ट्रेनों तक को या तो रद्द कर दिया गया था या उनके मार्ग में परिवर्तन किया गया था, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। विशेष रूप से दैनिक यात्रियों, नौकरीपेशा लोगों और व्यापारियों को यात्रा में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, कार्य पूरा होने के बाद ट्रैक की तकनीकी जांच और सुरक्षा परीक्षण किया जाएगा। सभी मानकों पर ट्रैक के सुरक्षित पाए जाने के बाद ही ट्रेनों का संचालन दोबारा शुरू किया जाएगा। संभावना है कि मंगलवार देर शाम या उसके बाद धीरे-धीरे रेल यातायात सामान्य होने लगेगा। रेल संचालन बहाल होने की खबर से स्थानीय लोगों और यात्रियों में राहत का माहौल है। लंबे समय से ट्रेनों के बंद रहने के कारण लोग वैकल्पिक साधनों से यात्रा करने को मजबूर थे, जिससे उनके समय और धन दोनों का अधिक व्यय हो रहा था। रेलवे विभाग का कहना है कि ट्रैक सुधार कार्य पूरा होने के बाद यात्रियों को अधिक सुरक्षित और सुगम यात्रा सुविधा मिल सकेगी। रेलवे अधिकारियों ने यह भी बताया कि ट्रैक पर नए स्लीपर लगाए जाने और मरम्मत कार्य के बाद रेल संचालन पहले की अपेक्षा अधिक सुरक्षित होगा।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे की सर्विस लाइन पर देर रात पौने दस बजे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो लोगों को टक्कर मार कर औरास की तरफ निकला।हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। लखनऊ जिले के काकोरी थाना क्षेत्र के जलियामऊ गांव निवासी धनीराम (55) पुत्र त्रिलोकी अपने दामाद संजय (35) पुत्र मुन्ना निवासी खुशहालगंज, थाना पारा लखनऊ के साथ औरास थाना क्षेत्र के राई गांव में एक रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने गए थे। देर रात करीब पौने दस बजे दोनों बाइक से वापस घर लौट रहे थे,तभी आगरा एक्सप्रेसवे की सर्विस लाइन किनारे शाहपुर तोंदा गांव के पास पहुंची, तभी किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मारते हुए औरास की तरफ भाग निकला,दी। टक्कर लगने से घटनास्थल पर ही दोनों की मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक औरास की ओर भाग निकला।मौत की



खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक धनीराम के पुत्र विपिन, विनीत व पत्नी छेदाना वही मृतक संजय की पत्नी निशा, बेटे अभिषेक, अंश और बेटी महक का रो-रोकर बेहाल हो गए,कोतवाली प्रभारी शरद कुमार ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से दोनों की मौत हुई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

## सात दिवसीय श्रीमद भागवत महापुराण कथा का आयोजन

अमन लेखनी समाचार




हसनगंज, उन्नाव। क्षेत्र के मौला बाकीपुर गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। व्यास पीठ से कथावाचक आचार्य पं. सूर्यकांत बाजपेई ने ध्रुव महाराज और भक्त प्रह्लाद की प्रेरणादायक कथाओं का भावपूर्ण वर्णन किया।

आचार्य पं. सूर्यकांत बाजपेई ने कहा कि ध्रुव महाराज की कथा बाल भक्ति का सर्वोत्तम उदाहरण है। सौतेली माता सुरुचि के तिरस्कार के बावजूद मात्र पांच वर्ष की आयु में ध्रुव ने जंगल में कठोर तपस्या कर भगवान विष्णु को प्रसन्न किया और अटल पद प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि यदि मन में सच्ची श्रद्धा और अडिग संकल्प हो तो उम्र, परिस्थितियां और संसाधनों की कमी भी सफलता के मार्ग में बाधा नहीं बनती।उन्होंने भक्त प्रह्लाद की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान अपने भक्तों की रक्षा के लिए स्वयं अवतार लेते हैं। जब-जब धर्म पर संकट आता है, तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होकर अधर्म का नाश करते हैं। आचार्य ने बच्चों और युवाओं से ध्रुव एवं प्रह्लाद के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

कथा में पूर्व सांसद मोहनलालगंज एवं भारत सरकार के केंद्रीय राज्य मंत्री के पुत्र विकास किशोर भी पहुंचे और कथा में शामिल होकर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में कथा आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रवीण मिश्रा ने उनका स्वागत एवं सम्मान किया।

इस अवसर पर बच्चन मिश्रा, संजय मिश्रा, सत्यम चौहान सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## अवैध खनन पर जिला प्रशासन ने चलाया सख्त अभियान

अमन लेखनी समाचार


उन्नाव। अवैध खनन और खनिज परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त अभियान चलाया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर खनन विभाग की टीम ने माइंस इंस्पेक्टर प्रांजुल सिंह के नेतृत्व में सदर, पुरवा, बीघापुर, हसनगंज, सफीपुर और परियर मार्ग सहित कई क्षेत्रों में सघन चेकिंग की। इस दौरान खनिज परिवहन से जुड़े दस्तावेजों की जांच कर अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान पुरवा क्षेत्र में मिट्टी के अवैध खनन में इस्तेमाल हो रही एक जेसीबी मशीन को मौके से पकड़ा गया, जिसे बाद में थाने को सौंप दिया गया। वहीं गिट्टी और मोरम के अवैध परिवहन में शामिल 10 ट्रकों का चालान किया गया और एक ट्रक को दही थाने में सीज कर दिया गया। अधिकारियों के अनुसार जांच में कई वाहनों के पास वैध दस्तावेज नहीं पाए गए।इस पूरे अभियान से लगभग 8



लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन और परिवहन में शामिल लोगों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## ट्रांस गंगा सिटी स्थित विद्युत घर से आस पास गांवों को विद्युत आपूर्ति की मंजूरी

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। ट्रांस गंगा सिटी और आसपास के गांवों की बिजली व्यवस्था सुधारने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है।यूपीसीड़ा ने ट्रांस गंगा सिटी स्थित बिजलीघर से आसपास के गांवों को विद्युत आपूर्ति देने की मंजूरी दे दी है। इसके लिए अधिशाषी अभियंता विद्युत को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए हैं। इस फैसले से क्षेत्र के ग्रामीणों को भविष्य में बेहतर और सुचारु बिजली आपूर्ति मिलने की उम्मीद जगी है। जारी निर्देशों के अनुसार ग्राम शंकरपुर सराय, कन्हवापुर, मुरलीपुर, लक्ष्मीखेड़ा, नयाखेड़ा, पिपरी और पिण्डोखा समेत कई गांवों की बिजली आपूर्ति ट्रांस गंगा सिटी के बिजलीघर और फीडर से जोड़ी जाएगी। ग्रामीण लंबे समय से लो-वोल्टेज और बार-बार बिजली कटौती की समस्या से परेशान थे। उनका कहना था कि मौजूदा व्यवस्था पर्याप्त नहीं है, जिससे घरेलू और कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं। यह पहल किसान आंदोलन उत्तर प्रदेश द्वारा 24 अप्रैल को जिलाधिकारी को भेजे गए पत्र के बाद तेज हुई। पत्र में मांग की गई थी कि ट्रांस गंगा सिटी परियोजना के अंतर्गत बने आधुनिक विद्युत उपकेंद्र से आसपास के गांवों को जोड़ा जाए, ताकि क्षेत्र की बिजली व्यवस्था मजबूत हो सके।किसानों ने तर्क दिया था कि नजदीक स्थित आधुनिक बिजलीघर से सप्लाई मिलने पर बिजली की गुणवत्ता बेहतर होगी।इसी क्रम में यूपीसीड़ा ने अधिशाषी अभियंता विद्युत को पत्र भेजकर ट्रांस गंगा सिटी परियोजना स्थित विद्युत उपकेंद्र के लोड का आकलन करने और संबंधित गांवों को वहां से जोड़ने के संबंध में अग्रिम कार्रवाई करने को कहा है। विभागीय अधिकारियों को तकनीकी परीक्षण कर जल्द प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश भी दिए गए हैं। ग्रामीणों ने इस फैसले का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि इससे वर्षों पुरानी बिजली संबंधी समस्याओं से राहत मिलेगी। किसानों का कहना है कि बेहतर बिजली आपूर्ति से सिंचाई कार्य सुचारु रूप से हो सकेगा और कृषि उत्पादन में सुधार आएगा। वहीं घरेलू उपभोक्ताओं को भी कम कटौती का सामना करना पड़ेगा।

## प्रतियोगिता में बच्चों ने पदक जीत कर विद्यालय व जनपद का नाम किया रोशन

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र के संडीला रोड स्थित आर एस पब्लिक स्कूल के बच्चों ने कानपुर के कल्याणपुर स्थित गौरव मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल में डिस्ट्रिक्ट प्रोमोशनल स्केटिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने विभिन्न आयु वर्ग में पदक जीत कर स्कूल एवं जनपद का नाम रोशन किया है। कानपुर रोलर स्केट एंड स्पोर्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित प्रतियोगिता अंतर्गत 6 से 8 आयु वर्ग में कक्षा 2 के छात्र अब्दुल हादी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता। जबकि अरमान और वैष्णवी को सिल्वर मेडल मिला। इसके अलावा छात्र श्रेयस एवं छात्रा शाम्भवी ने भी इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर लोगों का ध्यान आकर्षित किया। प्रबंधक रिजवान अहमद ने इस शानदार सफलता पर बच्चों को मेडल पहना कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कॉलेज के स्पोर्ट्स टीचर



पवन सूर्यवंशी, आकांक्षा, रीमा सिंह, अनुराग त्रिपाठी आदि शिक्षक एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## आत्महत्या के दुष्प्रेरण के आरोप में वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




बीघापुर, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अंतर्गत सोमवार को तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा 105 बीएनएस के अंतर्गत एक मुकदमा पंजीकृत किया विवेचना व साक्ष्य तत्वों के आधार पर धारा 108 बीएनएस की वृद्धि करते हुए मुकदमे में वांछित अभियुक्त गंगा दीन पुत्र रामबरन लोध आयु लगभग 45 वर्ष निवासी ग्राम बाबू खेड़ा थाना बीघापुर जनपद उन्नाव को जगत खेड़ा की नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर सक्षम न्यायालय में पेश किया

## प्रेम विवाह को लेकर दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे कई घायल

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव।बिहार थाना क्षेत्र के मुनऊखेडा.मे लव मैरिज करने के मामले को लेकर दो पक्षों मे मारपीट हो गयी। जिसमे लगभग आधा दर्जन से अधिक लोगो को चोटे आई है। थाना क्षेत्र के गांव मुनऊखेडा. मे सोमवार को शाम करीब करीब 6 बजे सुखलाल व रामप्यारी के बीच पुरानी आपसी रंजिश को लेकर कहा सुनी हो गयी। जिसमें लाठी डंडे चल गये।मारपीट की घटना मे संदीप कुमार पुत्र रामबरन, रामप्यारी पत्नी रामबरन गम्भीर रुप से घायल हो गई। पीडिता की तहरीर पर पुलिस ने जितेन्द्र, जीतू, श्रीकिशन, सुखलाल, जगतपाल, सूरज कुमार, नीरज, अजय, सोनू, रानी आरती के विरुद्ध मारपीट सहित जान से मारने की धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर लिया है।वही दूसरे पक्ष से जीतू की तहरीर पर पुलिस ने रामप्यारी, संदीप कुमार सहित अन्य लोगों पर मारपीट सहित जान से मार देने की धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर लिया है। लड़ाई झगड़ा लव मैरिज को लेकर हुआ। मालूम हो कि सुखलाल पासी के परिवार का लड़का अंशू ने रामप्यारी के परिवार की लड़की से लव मैरिज कर शादी कर लिया था। 21 अप्रैल को हुई थी। दोनों गांव से बाहर शहर चले गये। इससे पूर्व भी कई बार लडाई झगड़ा हो चुका है। लेकिन पुलिस ने समय रहते ध्यान नहीं दिया।

## अधेड़ युवक का बबूल के पेड़ से लटकता मिला शव

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। अधेड़ युवक का अपने घर से लगभग दो सौ मीटर दूर बबूल के पेड़ से शव लटका देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया मृतक के भाई ने बताया कि वो शराब लती थे दोपहर में भी नशे में धुत होकर घर से चले गए थे सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के जिला अस्पताल भेज दिया कोतवाली क्षेत्र मवई ब्रम्हानान निवासी नारायण 50 वर्ष पुत्र धनंजय कुमार मंगलवार दोपहर तक अपने घर मे रहे उसके बाद बिना बताए चले गए।लगभग दो बजे ग्रामीणों ने घर से दो सौ मीटर दूर गाव के बाहर एक बबूल के पेड़ में दुपट्टे के फंदे से शव लटका देख आवक रह गए और परिजनों को सूचना दी।मा पुष्पा देवी ने बताया कि मृतक



के पिता की लगभग 20 वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है तीन भाइयों में भगवानदीन से छोटा व जग्गू से बड़ा था जो शराब का लती था जिसके कारण शादी विवाह नही हो सका प्रभारी निरीक्षक सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने बताया कि दुपट्टा घर से लेकर गया था शव कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिए भेजा गया है रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्यवाई की जाएगी।

## शिक्षक संघ के चुनाव में दूसरे प्रत्याशी के न उतरने से निर्विरोध निर्वाचन की चचाएँ हुई तेज

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, जनपद-उन्नाव की ब्लॉक इकाई सुमेरपुर के चुनाव को लेकर राजनीतिक और संगठनात्मक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। चुनाव कार्यक्रम की आधिकारिक घोषणा के बाद अब तक केवल वर्तमान ब्लॉक अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ही मैदान में दिखाई दे रहे हैं। किसी अन्य प्रत्याशी के सामने न आने से शिक्षकों के बीच यह चर्चा तेज हो गई है कि विनोद कुमार सिंह का निर्विरोध चुना जाना लगभग तय माना जा रहा है। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक इकाई सुमेरपुर के निर्वाचन प्रक्रिया की घोषणा जिलाध्यक्ष बृजेश कुमार पाण्डेय द्वारा चुनाव प्रक्रिया की विधिवत घोषणा की गई है। संगठन द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापन के अनुसार ब्लॉक कार्यसमिति के निर्वाचन की प्रक्रिया 14 मई 2026 को ब्लॉक संसाधन केंद्र सुमेरपुर, उन्नाव में सम्पन्न होगी। निर्वाचन कार्यक्रम के तहत सुबह 10 बजे से साढ़े 10 बजे तक नामांकन, साढ़े 10 बजे से 11 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच, 11 बजे से साढ़े 11 बजे तक नाम वापसी तथा साढ़े 11 बजे से 12 बजे तक नामांकन पत्रों का प्रकाशन किया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर दोपहर साढ़े 12 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान भी कराया जाएगा। इसके बाद मतगणना और परिणाम की घोषणा की जाएगी। संगठन के जिलाध्यक्ष बृजेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि निर्वाचन पर्यवेक्षक के रूप में विश्वनाथ सिंह, अध्यक्ष बीघापुर तथा निर्वाचन अधिकारी के रूप में अभिषेक मिश्रा, अध्यक्ष सिकन्दरपुर की जिम्मेदारी तय की गई है। शिक्षक संघ से जुड़े लोगों का कहना है कि यदि अंतिम समय तक कोई अन्य नामांकन नहीं होता है तो ब्लॉक अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह का निर्विरोध निर्वाचन संगठन की एकजुटता और उनके प्रति शिक्षकों के विश्वास का बड़ा संदेश माना जाएगा। चुनाव को लेकर क्षेत्रीय शिक्षकों में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

## पानी के पाइप को लेकर चले लाठी डंडे

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बारा सगवर थाने के अंतर्गत डौडियाखेड़ा गाँव मे समरसेबल का पानी पाइप द्वारा खेत तक ले जाने के विवाद में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर धारदार हथियार व लाठी डंडों से हमला बोल दिया। पीड़ित पक्ष द्वारा तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।पीड़ित पक्ष अजयकृष्ण ने बताया कि वह अपने घर वाले समरसेबल से पाइप अंडरग्राउंड कर अपने खेत ले जा रहा था। पड़ौसी रामबाबू के घर के पीछे लगे खण्डंजे किनारे पाइप डालने के लिए जब खुदाई कर रहा था रामबाबू के विरोध करने पर काम रोक दिया गया। रविवार दोपहर मेरे द्वारा खोदी गयी नाली को विपक्षी रामबाबू, श्यामबाबू, सुन्दर साहू पुत्रगण स्व० अलोपी व रामबाबू की पत्नी रीतू, श्याम बाबू की पत्नी सुभाषिनी व सुंदर की पत्नी रोशनी तथा रामबाबू का लड़का सौरभ द्वारा पाटा जा रहा था मेरी पत्नी पूनम के मना करने पर उक्त लोग गन्दी गन्दी गाली देते हुये मेरी पत्नी को मारने पीटने लगे मेरी पत्नी के चिल्लाने पर मेरी माँ रामा यादव, भाभी नीलम, पड़ोसी धर्मेन्द्र व भांजी प्रियांशी और पूजा बचाने गयी तो सभी विपक्षीगणों ने मिलकर लाठी डंडा व कुल्हाड़ी से के राय होकर मारने पीटने लगे जिससे सभी लोगों को गम्भीर चोटे लग गयी है। थाना प्रभारी धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया तहरीर व मेडिकल के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

## सम्पादकीय

# शुभेंदु को मिला ताज, साथ ही उम्मीदों का भी बोझ

शुभेंदु अधिकारी शनिवार को पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। वह राज्य के पहले भाजपाई मुख्यमंत्री होंगे। भाजपा उनके शपथ समारोह को भव्य बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। भवानीपुर में ममता बनर्जी को पटकनी देकर शुभेंदु ने पहले ही दिखा दिया था कि वह इस पद के सबसे प्रबल दावेदार हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने खुद शुभेंदु के नेता चुने जाने का ऐलान किया। भाजपा ने इस मौके पर सभी विपक्षी दलों का आह्वान किया कि वे राज्य के विकास में सहयोग करें। पार्टी ने साफ कर दिया है कि वह प्रशासन का राजनीतिकरण और राजनीति का अपराधीकरण नहीं होने देगी। यह दोनों ऐसे मुद्दे हैं, जिसने बंगाल की प्रगति को बाधित किया है। तृणमूल कांग्रेस ने पूरे प्रशासन को ही पार्टी कैडर में बदल दिया था। यही नहीं, अपराधी और असामाजिक तत्व पार्टी की रीढ़ बन गए थे। भाजपा की यह सबसे बड़ी चुनौती भी है। बंगाल इस समय जिस दशा में है, वह भाजपा के लिए एक अवसर भी है। राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में स्थिति बहुत खराब है। गरीबी चरम पर है। केंद्र की कल्याणकारी योजनाएं या तो लागू नहीं हुई या लोगों तक उसका आधा-अधूरा लाभ ही पहुंचा। कट मनी एक बड़ी समस्या रही। वाम शासन की यह कुप्रथा तृणमूल कांग्रेस के शासन में भी बदस्तूर जारी रही। बेरोजगारी भी एक बड़ा मुद्दा है। बंगाल कभी देश की सांस्कृतिक धुरी था। राज्य की यह पहचान लौटाना भी जरूरी है। अब सत्ता संभालने के बाद शुभेंदु सरकार के सामने कानून-व्यवस्था, खराब नागरिक सुविधाओं और राज्य की कमजोर वित्तीय स्थिति जैसी कई चुनौतियां होंगी। केंद्र और ममता सरकार के बीच टकराव के कारण राज्य की आर्थिक स्थिति पहले से ही दबाव में थी। नई सरकार की पहली प्राथमिकता कानून-व्यवस्था बहाल करना और हाल के दिनों में हुई राजनीतिक हिंसा की घटनाओं पर रोक लगाना होगी। नई सरकार को भाजपा के कई वादों को भी पूरा करना होगा। इनमें महिलाओं को हर महीने 3,000 रुपये की आर्थिक सहायता देना शामिल है। भाजपा ने बेरोजगार युवाओं को 3,000 रुपये मासिक सहायता देने का भी वादा किया है। साथ ही अगले पांच वर्षों में 1 करोड़ नई नौकरियां और स्वरोजगार के अवसर पैदा करने की योजना भी सरकार के एजेंडे में होगी, ताकि बड़े पैमाने पर पलायन रोका जा सके। नई भाजपा सरकार समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने और बांग्लादेश सीमा से होने वाले अवैध प्रवासन पर रोक लगाने की दिशा में भी काम करेगी। भाजपा ने यह भी वादा किया है कि सरकार बनने के 45 दिनों के भीतर सातवें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू की जाएंगी और लंबित महंगाई भत्ता (डीए) का भुगतान किया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा अदालत में दिए गए हलफनामे के अनुसार इस पर अतिरिक्त 42,000 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। शुभेंदु राज्य के नौवें मुख्यमंत्री होंगे। तीन बार सांसद रहे शिशिर अधिकारी के पुत्र शुभेंदु ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई से की थी। उस समय वामपंथी दलों का प्रभुत्व चरम पर था। शिशिर अधिकारी यूपीए-2 सरकार में ग्रामीण विकास राज्य मंत्री भी रह चुके थे। ममता बनर्जी और टीएमसी से शुभेंदु की दूरी तब बढ़ने लगी, जब ममता ने अपने भतीजे अभिषेक बनर्जी को अपना उत्तराधिकारी और नंबर दो नेता बनाना शुरू किया। 2021 में नंदीग्राम और फिर इस बार भवानीपुर में ममता को हराने के बाद शुभेंदु भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच बड़े नेता बनकर उभरे। 2021 के बाद विपक्ष के नेता के रूप में टीएमसी के भारी बहुमत के बावजूद उनका आक्रामक रुख पार्टी में उनकी स्थिति को और मजबूत करता गया।



मंथन

कृष्ण प्रताप सिंह

# वामपंथ ने आखिरी सरकार भी गंवाई

> पश्चिम बंगाल के शोर में केरल विधानसभा चुनाव के नतीजों की ओर देश का कुछ कम ही ध्यान जा रहा है। हालांकि राजनीतिक लिहाज से वे भी कुछ कम महत्वपूर्ण नहीं हैं। कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के हाथों वाम लोकतांत्रिक मोर्चे की करारी हार के बाद वहां के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के इस्तीफे के साथ ही देश में वामपंथी सरकारों का दौर समाप्त हो गया है। यह पांच साल पहले ही खत्म हो जाता, अगर पिछले विधानसभा चुनाव में विजयन के कामकाज से खुश केरल के मतदाता उन्हें 'बख्श' नहीं देते। संस्कृति के क्षेत्र में काम से परहेज कर चौबीसों घंटे जनपक्षधर राजनीति करने वाली कम्युनिस्ट पार्टियां राजनीति के हाशिये पर चली जा रही हैं।

पश्चिम बंगाल के शोर में केरल विधानसभा चुनाव के नतीजों की ओर देश का कुछ कम ही ध्यान जा रहा है। हालांकि राजनीतिक लिहाज से वे भी कुछ कम महत्वपूर्ण नहीं हैं। कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के हाथों वाम लोकतांत्रिक मोर्चे की करारी हार के बाद वहां के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के इस्तीफे के साथ ही देश में वामपंथी सरकारों का दौर समाप्त हो गया है। यह पांच साल पहले ही खत्म हो जाता, अगर पिछले विधानसभा चुनाव में विजयन के कामकाज से खुश केरल के मतदाता उन्हें 'बख्श' नहीं देते।

इस बार 'केरल के धोती पहनने वाले मोदी' की छवि भी उनकी सत्ता नहीं बचा पाई और वे 'अब तक के आखिरी वामपंथी मुख्यमंत्री' के रूप में भूतपूर्व हो गए। यहां याद किया जिनका चाहिए कि ई.एम.एस. नंबूदरीपाद के मुख्यमंत्रित्व में देश की पहली वामपंथी सरकार भी 5 अप्रैल, 1957 को इसी राज्य में बनी थी, उसके राज्य बनने के बाद हुए पहले ही विधानसभा चुनाव में। इस मायने में अभूतपूर्व थी कि उसके रूप में न केवल भारत, बल्कि दुनिया में कहीं भी पहली बार किसी कम्युनिस्ट पार्टी को लोकतांत्रिक तरीके से हुए चुनाव में सत्ता हासिल हुई थी। नम्बूदरीपाद सरकार द्वारा व्यापक भूमि सुधारों और महत्वपूर्ण शैक्षिक बदलावों के आगाज के बीच 31 जुलाई, 1959 को तत्कालीन जवाहरलाल नेहरू सरकार ने मनमाने ढंग से अनुच्छेद 356 का उपयोग करके राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद के हाथों उसको बर्खास्त करा दिया तो नेहरू की तीखी आलोचनाएं की गई थीं। कारण यह कि उस दौर में वामपंथ को सत्ता का सबसे प्रतिबद्ध वैचारिक प्रतिपक्ष माना जाता था। बंटवारे और बिखराव के बावजूद उसने पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा जैसे अपने सुरक्षित गढ़ बना रखे थे। इसलिए वे गढ़ ढहे तो उसकी सही-गलत रीति-नीति और बढ़ते-घटते प्रभावों से जुड़े बहुत से प्रश्न खासी तेजी से पूछे जाने लगे थे। उनमें सबसे बड़ा यह था कि वे चुनावों में लगातार पराभव की ओर क्यों जाने लगे हैं? उनके विरोधियों को उन्हें चिढ़ाते हुए यह तक कहने का मौका क्यों हाथ लग रहा है कि आगे चलकर वे विलोपीकरण के शिकार हो जाएंगे? निस्संदेह, अब, उनके अपनी अंतिम सरकार तक गंवा देने के बाद इन प्रश्नों को नए सिरे से और ज्यादा तेजी से पूछा जाएगा। साथ ही यह प्रश्न भी कि उस हिंदी प्रदेश में उनकी प्रतीकात्मक उपस्थिति भी क्यों मुश्किल होती जा रही है, जिसे देश का हृदय प्रदेश कहा जाता है और जिसकी जमीन को वे एक समय अपने लिए बेहद अनुकूल और उर्वर मानते थे? क्यों यह उम्मीद लगातार नाउम्मीद होती चली आ रही है कि कौन जाने सुरक्षित गढ़ खो देने के बाद ही सही, वे अपनी संभावनाओं के देशव्यापी विस्तार को जीवन-मरण का प्रश्न मानकर उसके लिए नई मुहिमों का मन बनाएं? सच कहें तो वामदलों के नेताओं के लिए इन सवालों के जवाब इसलिए भी कठिन हो चले हैं कि वे संसदीय कहें अथवा चुनावी राजनीति में उतरे तो उसे अपनी क्रांति कामना के लिए इस्तेमाल करने के मंसूबे से थे, मगर समय के साथ खुद उसके हाथों इस्तेमाल होकर रह गए हैं। इतना ही नहीं, आजादी के बाद जतन से विकसित की गई 'सारी मध्यवर्गी पार्टियों के सबसे प्रतिबद्ध वैचारिक प्रतिपक्ष' की अपनी छवि भी वे नहीं



बचा पाए हैं। इसलिए कि सत्ता संघर्षों में मध्यमार्गी पार्टियां विचारधाराओं को लात मारकर अपना तकिया जाति, धर्म, संप्रदाय और क्षेत्र आदि की विडंबनाओं पर रखने लगी तो ये दल उनसे अलगाव का खतरा उठाने का साहस प्रदर्शित नहीं कर पाए और तत्कालीन परिस्थितियों के नाम पर कभी इस तो कभी उस बड़ी पार्टी या गठबंधन की पालकी के कहार की भूमिका में दिखने लगे। तिस पर स्थितियों और परिस्थितियों के आकलन में उन्होंने लगातार गलतियां कीं। मिसाल के तौर पर आजादी के पहले अविभाजित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सोवियत संघ की कम्युनिस्ट पार्टी के इस निर्देश पर अमल के बजाय कि उसे पूरी शक्ति से ब्रिटिश साम्राज्यवाद से लड़ना चाहिए, लगातार ब्रिटिश कम्युनिस्ट पार्टी के एजेंडे पर चलती रही। इसके फलस्वरूप स्वतंत्रता संघर्ष में अपनी भूमिका को तार्किक परिणति नहीं दे सकी। आजादी के बाद माकपा को ज्योति बसु के रूप में देश को पहला वामपंथी प्रधानमंत्री देने का अवसर हाथ लगा तो भी उसने साफ इनकार कर दिया। तब वामदलों के विरोधियों व शुभचिंतकों दोनों को कहना पड़ा कि वामदलों की ट्रेन छूट गई है। ज्योति बसु को भी बाद में इसे हिमालय जैसी भूल बताना पड़ा। यह भी वामपंथ द्वारा स्थितियों के गलत आकलन के कारण ही हुआ कि जब उन्हें राजीव गांधी व मनमोहन सिंह प्रवर्तित नई आर्थिक नीतियों से लड़ना चाहिए था, उन्होंने अपनी सारी शक्ति उस सांप्रदायिकता से लड़ने में ही लगा दी, जो जनविरोधी आर्थिक नीतियों का ही उत्पाद थी, इस अर्थनीति के साथ ही स्वतः खत्म हो जाती। आश्चर्य है कि उनके लड़ते-लड़ते नई अर्थनीति और सांप्रदायिकता दोनों 'अजेय' हो गईं और मनमोहन के राज में अमेरिका से परमाणु करार के विरोध में सरकार से समर्थन वापस लेने का नुकसान भी अकेले वामपंथ को ही उठाना पड़ा। वामपंथी ऐसी भूलें नहीं करते तो आज प्रायः सारी मध्यवर्गी पार्टियों से निराश देश उन्हें खासी उम्मीद के साथ निहारता। वे कह पाने की स्थिति में होते कि अब हमारी बारी है। अभी तो वे विरोधियों की लगातार बढ़ती जा रही घृणा के साथ अपने गढ़ों तक में जनता का कोप झेल रहे हैं और फिर भी अपने अंतर्विरोध नहीं सुलझा पा रहे। आज भी, नवपूंजीवादी नीतियों से पूरे दम-खम के साथ दो-दो हाथ करने के बजाय इन संघर्ष विमुख दलों ने अपनी क्रांतिकामना को भी कर्मकांड बना डाला है। उनके शिविरों में कर्मकांडों के तौर पर ऐसी कई और चीजें चलती रहती हैं। मसलन, देश को वामजनवादी विकल्प देने के लिए काम करना, व्यापक वामपंथी एकता के प्रयास तेज करना और गैरवामपंथी दलों से न्यूनतम साझा कार्यक्रम के आधार पर रणनीतिगत समर्थन व सहयोग के रिश्ते बनाना आदि। इन कर्मकांडों का सच यह है कि वामदलों में एका के बजाय बिखराव बढ़ता जा रहा है और कई कम्युनिस्ट पार्टियां अपने महासचिवों की जेबों में रहकर उनकी बौद्धिक भूख के शमन का जरिया भर रह गई हैं। सच तो यह है कि आज वामदलों को पुनर्जीवन के लिए नए फार्मूलेशनों और रणनीतियों की सख्त जरूरत है क्योंकि पुरानी कम्युनिस्ट थीसिसों का नए बदलावों के परिप्रेक्ष्य में युगानुरूप परीक्षण किए बिना उनकी बात नहीं बनने वाली है। इस परीक्षण के अभाव का ही नतीजा है कि लगभग एक साथ सक्रिय होने वाली दो जमातों में जिस राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने कहा कि वह राजनीति से परे रहकर संस्कृति के ही क्षेत्र में काम करेगा, उसने काम करते-करते अपनी राजनीतिक फ्रंट की मार्फत लगभग सम्पूर्ण देश की राजनीति पर नियंत्रण स्थापित कर लिया है और संस्कृति के क्षेत्र में काम से परहेज कर चौबीसों घंटे जनपक्षधर राजनीति करने वाली कम्युनिस्ट पार्टियां राजनीति के हाशिये पर चली जा रही हैं।

सियासत

रोहित कौशिक



# पार्टियों को समझना होगा विपक्षी एकता का महत्व

भाजपा द्वारा चुनाव में लगातार बेहतर प्रदर्शन करने और विशेष तौर से बंगाल का चुनाव जीतने के बाद कई सवाल खड़े हो गए हैं। भाजपा जिस तैयारी के साथ चुनावी मैदान में उतरती है, क्या उस तैयारी के साथ अन्य दल चुनावी मैदान में उतर पाते हैं ? बंगाल का चुनाव हारने के बाद अब ममता बनर्जी कह रही हैं कि मैं इंडिया गठबंधन को मजबूत करने का काम करूंगी। सवाल यह है कि अभी तक ममता ने इंडिया गठबंधन को मजबूत करने के लिए क्या किया? सच्चाई तो यह है कि समय-समय पर ममता बनर्जी इंडिया गठबंधन में अपनी अकड़ दिखाती रहीं। कई मुद्दों पर तो उन्होंने अपनी अलग राह पकड़ ली। गठबंधन में यदि हर कोई अपनी अलग-अलग राह पकड़ ले तो क्या कोई भी गठबंधन मजबूत हो सकता है? आज ममता बनर्जी भाजपा और चुनाव आयोग द्वारा चुनावी प्रक्रिया को हथिया लेने का आरोप लगा रही हैं, लेकिन क्या इस दौर की व्यवस्था से वे वाकिफ नहीं हैं ? क्या उन्हें इसका अनुमान नहीं था? ममता बच्ची नहीं हैं, वे एक वरिष्ठ और अनुभवी राजनेत्री हैं। यानी उन्हें यह आभास था। इसके बावजूद उन्होंने कई बार इंडिया गठबंधन को मजबूत न कर स्वयं अपनी अलग चाल चली। नतीजा सबके सामने है। अब सवाल केवल ममता का नहीं है, सवाल विपक्ष के सभी राजनीतिक दलों के राजनेताओं का है? क्या विपक्ष के एक राज्य तक सिमटे छोटे दल अपने व्यक्तिगत स्वार्थ छोड़कर कांग्रेस के साथ खड़े हो पाएंगे। विपक्षी दलों को यह सोच लेना चाहिए कि वे व्यक्तिगत स्वार्थ की राजनीति कर भाजपा के सामने खड़े नहीं रह पाएंगे। अगर गंभीरता के साथ भाजपा के खिलाफ वैचारिक लड़ाई लड़नी है तो अपने क्रियाकलापों में भी गंभीरता लानी होगी। आज भाजपा की आप कितनी भी आलोचना करें लेकिन यह विपक्षी दलों को ही सोचना पड़ेगा कि आज भाजपा यहां तक कैसे पहुंची है? कमरों में बैठकर अगर भाजपा की सफलता का राज ढूंढ़ा जाएगा तो विपक्षी दल भी कमरों तक ही सीमित रह जाएंगे। भाजपा ने लंबा संघर्ष किया है। इस पर अलग चर्चा हो सकती है कि भाजपा का यह संघर्ष सकारात्मक था या नकारात्मक? अगर आप कहते हैं कि भाजपा हर हथियार इस्तेमाल करना जानती है तो यह भी आपको ही सोचना होगा कि भाजपा इतनी शक्तिशाली कैसे बन गई कि वह हर हथियार इस्तेमाल करने लगी। बंगाल में भाजपा का कोई वजूद नहीं था लेकिन आज भाजपा ने बंगाल में भी जीत हासिल कर ली। भाजपा जमीन पर मेहनत करना जानती है, लेकिन कितनी विपक्षी ऐसा कर रही हैं? चुनाव आयोग और सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग की बात अपनी जगह ठीक हो सकती है, लेकिन सिर्फ इस आरोप के सहारे विपक्ष अपनी कमजोरियों पर पर्दा नहीं डाल सकता। इस दौर में पहले तो विपक्ष को अपनी कमजोरियों को दूर करना होगा और इसके साथ ही विपक्षी एकता पर भी बल देना होगा। विपक्षी एकता तभी संभव हो पाएगी, जब राजनीतिक दल अपनी संकीर्ण मानसिकता को त्यागकर एक बड़े उद्देश्य पर ध्यान केन्दित कर पाएंगे। भाजपा द्वारा बंगाल चुनाव जीतने के बाद इस समय तो विपक्षी दलों को एकता की बात ध्यान आ रही है, लेकिन विपक्ष की एकता की भावना जल्दी ही खत्म हो जाती है। एक राज्य तक सिमटे दलों को कांग्रेस का महत्व समझना होगा। भले ही किसी एक राज्य में क्षेत्रीय दलों की मजबूत स्थिति हो, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस ही समूचे विपक्ष को प्रतिनिधित्व दे सकती है। कांग्रेस एक बड़ी पार्टी है इसलिए छोटे दलों को कांग्रेस को वह सम्मान देना होगा। इसके साथ ही कांग्रेस को भी छोटे दलों को सम्मान देकर विपक्षी एकता को मजबूत करना होगा। विपक्षी दलों को यह समझना होगा कि भाजपा से मुकाबला इतना आसान नहीं है जितना वे समझ रहे हैं। छोटे दलों को यह लगता है कि कांग्रेस कहीं उनकी सीटों पर कब्जा न कर ले और छोटे दल सिमट न जाएं। इसलिए ऐसे दल कांग्रेस को सीट देते हुए घबराते हैं। जब तक विपक्षी दल आपसी समझ को बढ़ा नहीं पाएंगे, तब तक इस स्थिति में किसी परिवर्तन की उम्मीद नहीं है। सभी राजनीतिक दलों को देर-सबेर यह समझना ही होगा कि विपक्षी एकता के बल पर ही उनका अस्तित्व बच सकता है।

## जितने भक्त, उतने ही भक्ति के रूप




संकलित

दर्शन

मानस में भक्त के चार प्रकार बताए गए हैं- ज्ञानी, जिज्ञासु, अर्थार्थी एवं आर्त। चार प्रकार के भक्तों की बात कह देना बहुत सरल है। भक्ति में वास्तविकता-अवास्तविकता का प्रश्न पहले नहीं उठाया जाता। जब तैरना सीख जाएंगे, तभी नदी में उतरेंगे, ऐसा नहीं कहा जा सकता। इसका तो श्रीगणेश ही व्यक्ति की अपनी मान्यता से होता है। संसार सत्य है या असत्य? विषय को चाहना उचित है या अनुचित? प्रारंभिक स्थिति में इन विवादों की कोई आवश्यकता नहीं। यहां तो सीधा आमंत्रण है। तुम संकट से त्राण पाना चाहते हो! ये सब प्रभु से ही संभव है। ब्रह्म-सुख पाना चाहते हो, तो आओ, प्रारंभ कर दो प्रभु के चरणों में भक्ति। अर्थ और अभिलाषाओं की पूर्ति चाहते हो! रहस्य जानना चाहते हो! सब सर्वदा प्रभु द्वारा साध्य होगा।भय और लोभ की सहज वृत्ति से भक्ति का श्रीगणेश होता है। भगवान की जिज्ञासा भक्ति का मध्यभाग है। भगवान का सुख पाना, उसमें एक हो जाना, भक्ति की चरम परिणति है। भय से संत्रस्त आर्त हैं। लोभ से प्रेरित अर्थार्थी हैं। जानने की इच्छा वाला जिज्ञासु है। जान पाने वाला ज्ञानी है। मानस में-'ग्यानी प्रभुहि बिसेषि पिआरा' कहकर गोस्वामीजी ने पुष्ट कर दिया है। मानस में भक्तों की ओर देखें, तो साधारण से लेकर असाधारण चरित्र वाले अनेक पात्र हमारे सामने आते हैं। दशरथ, गीध, वाल्मीकि, शबरी, कोल, भील, वानर, निशाचर आदि सब वहां (भक्ति में) एक पंक्ति में खड़े हुए दिखाई देंगे। ऐसी उदारता, जो कि अन्यत्र असंभव है।

## स्वयं को जीतना सिखाते स्वामी महावीर



संकलित

प्रेरणा

स्वामी महावीर जैसी आत्माएं अपनी यात्रा पिछले जन्म में ही पूरी कर चुकी होती हैं। इस जन्म में इस संसार में आने की प्रेरणा के पीछे उनकी अपनी कोई वासना नहीं है। सिर्फ करुणा कारण है। तीर्थंकर का अर्थ है, वह आत्मा जो राह दिखाने के लिए पैदा हुई है। साधारण आत्मा तीर्थंकर नहीं हो सकती, क्योंकि जो स्वयं मार्ग खोज रहा हो, वह मार्ग नहीं दिखा सकता। मार्ग क्या है, यह मंजिल पर पहुंच कर ही पता चलता है। मंजिल पर पहुंच जाना इतना कठिन नहीं है, जितना मंजिल पर पहुंच कर मार्ग पर वापस लौटना। ऐसी आत्माएं तीर्थंकर कहलाती हैं। तीर्थंकर का अर्थ है- वह मल्लाह, जो घाट से पार होने का रास्ता बताए। सच में जो विशिष्ट होता है, उसका प्रारंभिक जीवन घटना शून्य होता है, इसलिए क्योंकि वह लौटा है औरों के लिए, अपने लिए नहीं। बस वह चुपचाप बढ़ता चलता जाता है। चारों तरफ चुप्पी होती है और वह बड़ा होता जाता है। उस क्षण की प्रतीक्षा में जो वह देने आया है, वह दे दे। मेरी दृष्टि में उनको वर्धमान नाम ही इसलिए मिला कि जो चुपचाप बढ़ने लगा। जिसके आस-पास कोई घटना ही नहीं घटी, यानी जिसका बढ़ना इतना चुपचाप था, जैसे पौधे चुपचाप बड़े होते हैं, कलियां फूल बनती हैं। कहीं कोई शोर नहीं होता। शिक्षक पढ़ाने आए, तो उसने मना कर दिया और शिक्षकों ने भी पाया कि जो पढ़ाया जा सकता है, वह उसे पहले से ज्ञात है। दूसरी बात ध्यान में रख लेने जैसी है, अर्थपूर्ण है, जो मिथ, जो कहानी है, वह तो यह है कि वे ब्राह्मणी के गर्भ में थे और देवताओ ने गर्भ बदल कर क्षत्रिय गर्भ में पहुंचा दिया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मां में देख सकते हैं ईश्वर का रूप

मां का छोटा-सा शब्द अपने भीतर भावनाओं का महासागर समेटे है। मां केवल जन्मदात्री नहीं होती, वह जीवन की प्रथम शिक्षिका, प्रथम मित्र और प्रथम मार्गदर्शिका भी होती है। जब एक शिशु पहली बार रोता है, तो मां अपनी गोद और अपने स्पर्श से उसे पहली सुरक्षा देती है। मां की गोद ही बच्चे का पहला आश्रय बनती है। मां के लिए वैदिक और पौराणिक काल के ग्रंथों ने जो कहा है, वो आज भी यथावत है। वेदों ने मां को मानव जीवन में सबसे ऊंचा स्थान दिया है। वेदों से संहिताओं तक, वाल्मीकि रामायण से महाभारत तक, सारे ग्रंथों ने निर्विवाद रूप से माता को ही देवताओं से भी ऊपर माना है। जब शब्द कम पड़ जाते हैं और भावनाएं उमड़ने लगती हैं, तब मन अचानक ही मां को याद करता है। 11 मई को मदर्स डे पर मां की महती भूमिका को स्वीकार करने की जरूरत है।

*- विजय कुमार, भिलाई*

## करंट अफेयर

### पोप 14वें के साथ स्थायी शांति के प्रयासों पर की चर्चा

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने पोप लियो 14वें से मुलाकात की और पश्चिम एशिया में स्थायी शांति प्राप्त करने के प्रयासों पर चर्चा की। रुबियो की वेटिकन यात्रा का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पोप लियो 14वें के बीच बढ़ते तनाव को कम करना और बिगड़े हुए रिश्तों को सुधारना है। रुबियो ने पोप 14वें और वेटिकन के विदेश मंत्री कार्डिनल पिएत्रो पारोलिन से मुलाकात की जो करीब ढाई घंटे तक चली। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता टॉमी पिगोट ने कहा कि रुबियो और पोप 14वें ने पश्चिम एशिया की स्थिति और पश्चिमी गोलार्ध में परस्पर हित के विषयों पर चर्चा की।



## ऑफ बीट

### 92 लाख से अधिक परिवारों ने स्वगणना का किया उपयोग

जनगणना के पहले चरण के दौरान अब तक 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 92 लाख से अधिक परिवारों ने आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से स्व-गणना (एसई) सुविधा का उपयोग किया है। अधिकारियों ने बताया कि स्व-गणना सुविधा भारत के महापंजीयक (आरजीआई) द्वारा शुरू की गई अपनी तरह की प्रथम पहल है, जो नागरिकों को जनगणना के पहले चरण के दौरान जनगणना से संबंधित प्रश्नों का ऑनलाइन उत्तर देने की सुविधा प्रदान करती है। भारत के पंजीयक और जनगणना आयुक्त ने को दिल्ली में जनगणना के पहले चरण - गृह सूचीकरण और आवास जनगणना (एचएलओ) - के लिए जन जागरूकता अभियान के तहत छह जागरूकता वाहनों को हरी झंडी




## ट्रेंड

### 'सोनार बांग्ला' का संकल्प



पश्चिम बंगाल भाजपा विधानसभा की बैठक में भाजपा विधानसभा दल के नेता के रूप में सर्वसम्मति से चुने जाने पर भारतीय जनता पार्टी के परिश्रमी नेता, सुवेंदु डब्ल्यूबी को शुभकामनाएं। निस्संदेह, आप 'सोनार बांग्ला' के संकल्प को पूरा करेंगे और विकास का एक नया अध्याय लिखेंगे।

- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषिमंत्री

### जनहित में काम



प्रत्येक सार्वजनिक सुनवाई जनता के विश्वास, आशाओं और भावनाओं से जुड़ने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। आम जनता का यही स्नेह और विश्वास हमें जनहित में काम करने के लिए निरंतर प्रेरित करता है।

- सुखविंदर सिंह सुखु, सीएम, हिप्र

### आवास जनगणना



'आवास जनगणना' के तहत स्व-गणना प्रपत्र लखनऊ स्थित सरकारी आवास में भरा गया। यह प्रक्रिया सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक नागरिक तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

-केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र

### सत्ता के घमंड में भाजपा



भाजपा समर्थकों के कुकर्मों का एक और घिनौना उदाहरण। सत्ता के घमंड में भाजपा समर्थक दरिंदे बन गए हैं। आज किसी की बहन-बेटी सुरक्षित नहीं है। जब जनता न्याय की मांग करे तो किससे? भाजपा ने अपने भ्रष्ट लोगों को हर जगह बिठा रखा है।

-अखिलेश यादव, सांसद, सपा

## संक्षेप

### ऑपरेशन सिन्दूर में गूंजा देशभक्ति का स्वर

**अमेठी में सैन्य मूल्यों पर विशेष कार्यक्रम, कैडेट्स प्रेरित**

अमेठी, सैनिक स्कूल में शनिवार को 'ऑपरेशन सिन्दूर' विषय पर एक विशेष एनसीसी गतिविधि का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कैडेट्स में अनुशासन, राष्ट्रभक्ति और सैन्य जीवन के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा देश सेवा की भावना को मजबूत करना था।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल भारत पटनी, एनसीसी सीटीओ/एएनओ मुन्ना कुमार शर्मा और नायब सूबेदार जितेंद्र डिगारसे उपस्थित रहे। गतिविधि के तहत एनसीसी कैडेट्स के लिए ड्रिल अभ्यास, ध्वजारोहण, प्रेरणादायी संबोधन और 'ऑपरेशन सिन्दूर' से संबंधित एक विशेष वीडियो प्रदर्शन आयोजित किया गया। अधिकारियों ने कैडेट्स को सैन्य जीवन के मूल्यों से परिचित कराते हुए अनुशासन, साहस, एकता और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश दिया।विद्यार्थियों को राष्ट्रहित को सदैव सर्वोपरि रखने के लिए प्रेरित किया गया। कैडेट्स ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भागीदारी की और अनुशासन व देशभक्ति की भावना का प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### तमंचा देखते हुए युवक को गोली लगी

**आरोपी ने प्लास्टिक की पिस्टल बताया था, पुलिस तलाश में जुटी**

अमेठी, दोपहर गोली लगने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने घटना के बाद एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें आरोपी संचिन पांडेय का नाम सामने आया। उसकी तलाश में पुलिस की पांच टीमें संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं। घटना पीपरपुर थाना क्षेत्र के खानापुर गांव में शुक्रवार दोपहर करीब 12:30 बजे हुई। ई-रिक्शा चालक दीपक मिश्रा और बालेन्द्र शुक्ला बांस काट रहे थे। इसी दौरान गांव का संचिन पांडेय एक पिस्टल लेकर वहां पहुंचा। अचानक गोली चल गई, जो सीधे दीपक मिश्रा के दाहिने सीने में लगी। परिजन उसे सुल्तानपुर जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मौके पर मौजूद बालेन्द्र शुक्ला को हिरासत में लेकर पूछताछ की। बालेन्द्र ने बताया कि संचिन पांडेय के हाथ से चली गोली से दीपक मिश्रा की मौत हुई। सूत्रों के अनुसार, संचिन पांडेय एक अवैध पिस्टल झोले में लेकर आया था और उसने दीपक व बालेन्द्र को बताया कि यह प्लास्टिक की पिस्टल है। तीनों उसे देख रहे थे तभी सचिन के हाथ से अचानक गोली चल गई। मुख्य आरोपी संचिन पांडेय अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। पुलिस उसे जल्द पकड़ने का दावा कर रही है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और गांव में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।

# 25 हजार के इनामी समेत दो लुटेरे गिरफ्तार

## पुलिस ने सनसनीखेज वारदात का किया खुलासा

**अमन लेखनी समाचार**



फखरपुर, कैसरगंज, बहराइच। थाना कैसरगंज पुलिस को राहगीरों से लूटपाट करने वाले गिरोह के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। क्षेत्राधिकारी कैसरगंज धीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव के कुशल पर्यवेक्षण एवं थाना अध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश सहित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर वारदात से संबंधित नकदी, आभूषण व अन्य सामान बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक बहराइच के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार 13 अप्रैल 2026 की रात पीपल वाली गली निवासी सुरेश पुत्र हनुमान प्रसाद अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें टक्कर मारकर गिरा दिया और उनका बैग लूटकर फरार हो गए। बैग में करीब 50 हजार रुपये नकद, सोने-चांदी के आभूषण तथा अन्य जरूरी सामान रखा था। घटना के बाद थाना कैसरगंज में मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर हुजूरपुर रोड स्थित नगर निगम कार्यालय के पास से शुभम उर्फ शिवम तिवारी निवासी थाना कटरा गोण्डा एवं सूरज तिवारी निवासी पिपरी मांझा थाना कटरा को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार शुभम पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। तलाशी के दौरान अभियुक्तों के कब्जे से अवैध तमंचा, जिंदा कारतूस, नकदी, मोबाइल फोन, आभूषण, टिफिन तथा बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल बरामद की गई।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार शुभम उर्फ शिवम तिवारी पर विभिन्न जनपदों में चोरी, लूट, गैंगस्टर एवं आर्म्स एक्ट समेत कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस दोनों अभियुक्तों के आपराधिक नेटवर्क की भी जांच कर रही है।इस कार्रवाई में वरिष्ठ उपनिरीक्षक वीरेंद्र मिश्रा, उपनिरीक्षक इजलास, उपनिरीक्षक संजीत कुमार सिंह, उपनिरीक्षक पंकज सिंह, हेड कांस्टेबल प्रदीप सिंह, दया यादव, अष्टभुजा सिंह एवं कांस्टेबल विजय कुमार की सक्रिय भूमिका रही।

# ज्येष्ठ माह के द्वितीय बड़े मंगल पर हुआ भव्य प्रसाद वितरण

**बाबागंज चरदा मोड़ चौराहे पर भी हुआ भव्य भंडारा**

**अमन लेखनी समाचार**



रुपईडीहा/बाबागंज, बहराइच। नगर पंचायत रुपईडीहा में जेठ माह के दूसरे मंगलवार के अवसर पर श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ भव्य प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया तथा भगवान हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

मंगलवार की सुबह से ही नगर क्षेत्र में धार्मिक माहौल बना रहा। मंदिरों में पूजा-अर्चना, हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। इसके बाद विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं के सहयोग से प्रसाद वितरण कार्यक्रम शुरू हुआ, जो देर शाम तक चलता रहा।प्रसाद वितरण कार्यक्रम में नगर पंचायत क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों, व्यापारियों एवं युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। श्रद्धालुओं को बूंदी, हलवा, चना एवं शरबत आदि का प्रसाद वितरित किया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों और भक्तों के लिए शीतल पेयजल की भी विशेष व्यवस्था की गई थी।कार्यक्रम आयोजकों ने बताया कि जेठ माह के मंगलवार का विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है। इस अवसर पर हनुमान जी की पूजा-अर्चना करने और प्रसाद वितरण करने से सुख-समृद्धि एवं मंगल की प्राप्ति होती है।पूरे कार्यक्रम के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा और बजरंगबली के जयकारों से नगर गूंज उठा। स्थानीय लोगों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे सामाजिक सौहार्द और धार्मिक आस्था का प्रतीक बताया।

**बाबागंज चरदा मोड़ चौराहे पर हुआ भव्य भंडारे का आयोजन**

इसी क्रम में बाबागंज चौकी क्षेत्र अंतर्गत कस्बा बाबागंज चरदा मोड़ चौराहे पर व्यवसायी अनुज वर्मा, रितिक गुप्ता व प्रिंस सोनी के नेतृत्व में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान सपा विधानसभा प्रत्याशी राजेश चौधरी सहित बाबादीन वर्मा, नंदकिशोर वर्मा, संतोष मिश्रा, माखन जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# मटेरा में खड़े श्री बाबा के प्रांगण में हुआ भव्य भंडारे का आयोजन



**अमन लेखनी समाचार**

रिसिया, बहराइच। मटेरा बाजार में खड़े श्री बाबा मंदिर के प्रांगण में भव्य भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भोजन किया। भंडारे के दौरान एक अजब दृश्य देखने को मिला, एक बंदर ने मेज पर बैठकर दो प्लेट खीर खाई। इसकी चर्चा लोगों के बीच में पूरे दिन रही। भंडारे में आसपास के ग्रामीणों की भारी भीड़ जुटी रही। इस दौरान मंदिर के प्रांगढ़ में भव्य झांकी सजाई गई। लोगों के बीच में भंडारे को लेकर भारी उत्साह रहा। भंडारे में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पूरे दिन भंडारे को सुचारू रूप से चालू रखा। इस दौरान मंडल अध्यक्ष कुश शुक्ला, समाजसेवी अमरीश जिंदल डब्बू भैया, महामंत्री मनोज सिंह, लीलाधर पांडे, निलेश मिश्रा, सत्येंद्र मिश्रा, विक्की यादव, अमरीक सिंह, राजेश जायसवाल, आयुष अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, विकास गोयल, माधुरी पांडे, प्रधान मनी राम यादव, धर्मेंद्र कश्यप व भंडारे में लगे कार्यकर्ता मौजूद रहे। भंडारे में महिलाओं ने भी बढ़कर चढ़कर हिस्सा लिया।

# भारत-नेपाल सीमा पर चिन्हित अवैध कब्जों को हटाने की कार्यवाही में तेजी लाये: जिलाधिकारी

**तहसील मिहींपुरवा क्षेत्र में अभी 138 अवैध निर्माण जायेंगे हटाए**

**अवैध अतिक्रमणकताओं के विरूद्ध होगी कार्रवाई**



**अमन लेखनी समाचार**

**मिथिलेश जायसवाल/संतोष मिश्रा**

बहराइच। भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा क्षेत्र के 0 से 15 किमी. में सरकारी भूमि एवं नो मेन्स लैन्ड पर अवैध अतिक्रमण हटाये जाने सम्बन्धी कार्यो की समीक्षा हेतु सोमवार को देर शाम कलेक्ट्रट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। उप जिलाधिकारी नानपारा द्वारा अवगत गया कि तहसील नानपारा अन्तर्गत नो मैन्स लैण्ड पर 01 अतिक्रमण है, जो कि जीर्ण-शीर्ण मंदिर के रूप में है। उन्होंने बताया कि उक्त मंदिर में प्रतिस्थापित हेतु अन्य मंदिर का निर्माण करा दिया गया है। डीएम ने एसडीएम नानपारा को निर्देश दिया कि एसएसबी एवं अन्य संबंधित ग्रामवासियों से वार्ता करते हुये अग्रिम 15 दिवस में नियमानुसार नो-मेन्स लैण्ड पर स्थित अतिक्रमण को हटवा दिया जाय। बैठक में बताया गया कि भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा क्षेत्र के 0 से 15 कि.मी. में सरकारी भूमि पर कुल 366 अवैध अतिक्रमण पाये गये, जिसमें से 219 अतिक्रमण को हटा दिया गया। वर्तमान में 147 अवैध अतिक्रमण हटाये जाने हेतु अवशेष है। अवशेष 147 अवैध अतिक्रमण में से 113 पर वाद पंजीकृत है तथा 34 प्रकरण (31-स्थायी व 03 अस्थायी) में वाद पंजीकृत नहीं है। इस सम्बन्ध में एसडीएम व तहसीलदार नानपारा को निर्देश दिया गया कि 31 प्रकरण, जो स्थायी प्रकृति के अवैध अतिक्रमणों में सम्बन्धित अवैध अतिक्रमणकताओं के विरूद्ध नियमानुसार उ.प्र. राजस्व संहिता 2006 में दिये गये प्राविधानों के अन्तर्गत वाद पंजीकृत कराना सुनिश्चित करें।एसडीएम नानपारा ने बताया कि वाद पंजीकृत 113 प्रकरणों में से 56 प्रकरणों में बेदखली का आदेश पारित हो चुका है, 39 प्रकरणों में बाजदायर प्राप्त हुआ है तथा 18 प्रकरण न्यायालय अपर सिविल जज बहराइच पर विचाराधीन है। एसडीएम ने बताया कि 56 प्रकरण जिनमें बेदखली का आदेश पारित हुआ है उनमें से 46 प्रकरण ऐसे है जिनमें प्रभावित व्यक्ति के पास दूसरा मकान नहीं है या भूमिहीन है तथा 09 प्रकरणों में अन्य मकान या भूमि है तथा 01 स्थान पर मलंगशाह मजार बनी हुयी है। डीएम द्वारा एसडीएम व तहसीलदार को निर्देश दिया गया कि 46 प्रकरणों, जिनमें प्रभावित व्यक्ति के पास दूसरा मकान नहीं है या भूमिहीन हैं, को चिन्हित करते हुये नियमानुसार आवासीय पट्टा उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें तथा अवशेष 10 प्रकरणों में अवैध अतिक्रमण यथाशीघ्र हटाया जाना सुनिश्चित करें। एसडीएम मिहींपुरवा (मोतीपुर) ने बताया कि तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) क्षेत्रान्तर्गत भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा क्षेत्र के 0 से 15 कि.मी. में सरकारी भूमि पर कुल 184 अवैध अतिक्रमण पाये गये, जिसमें से 46 अतिक्रमण को हटा दिया गया। वर्तमान में 138 अवैध अतिक्रमण हटाये जाने हेतु अवशेष है। अवशेष 138 अवैध अतिक्रमण में से 40 पर वाद पंजीकृत है तथा 98 प्रकरण (87 प्रकरण नवीन परती के तथा 11 श्रेणी 6 भूमि से सम्बन्धित हैं) जिसमें को वाद पंजीकृत नही है। इन 98 प्रकरणों से सम्बन्धित व्यक्तियों के पास दूसरा मकान नही है और भूमिहीन है। एसडीएम व तहसीलदार मिहींपुरवा को निर्देश दिया गया कि 98 प्रकरण, जिसमें सम्बन्धित व्यक्तियों के पास दूसरा मकान नहीं है और भूमिहीन है को चिन्हित करते हुये नियमानुसार उ.प्र. राजस्व संहिता 2006 में दिये गये प्राविधानों के अन्तर्गत आवास आवंटन कराना सुनिश्चित करें। डीएम ने एसडीएम नानपारा व मिहींपुरवा को निर्देश दिया कि तहसील स्तर पर साप्ताहिक टास्क फोर्स की बैठक कराते हुये कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुये अग्रेतर कार्यवाही हेतु रूपरेखा तैयार करें।इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग, बहराइच अपूर्वा दीक्षित, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, उपजिलाधिकारी मिहींपुरवा (मोतीपुर) राम दयाल, नानपारा की अमिता यादव, डिप्टी कमांडेन्ट, 59वीं वाहिनी एसएसबी नानपारा अमित कुमार, 42वीं वाहिनी एसएसबी नानपारा शशि भूषण, प्रभारी तहसीलदार नानपारा शैलेश कुमार अवस्थी, नायब तहसीलदार/सहायक भूलेख अधिकारी राजेश कुमार यादव मौजूद रहे।

# बेटी की बारात दरवाजे पर थी, पिता-चाचा की मौत

## अमेठी में द्वारपूजा के लिए फल लेने गए थे, दो बाइक टकराईं

**अमन लेखनी समाचार**



गौतम, मृतक पिता | आशाराम, मृतक

अमेठी, बेटी की शादी से ठीक पहले पिता और चाचा की सड़क हादसे में मौत हो गई। रात 8 बजे हादसा उस वक्त हुआ, जब बारात घर के दरवाजे पर खड़ी थी। बैंड पर बाराती दूल्हे के साथ नाच-गा रहे थे। द्वारपूजा और जयमाल की तैयारियां चल रही थीं। इसी दौरान, पंडित जी ने द्वारपूजा के लिए पिता से फल मांगे। घर में फल नहीं थे। परिवार के बाकी लोग काम में व्यस्त थे। ऐसे में पिता गौतम कुमार ने अपने रिश्ते के भाई आशाराम को बुलाया। कहा- बाइक निकालो, मार्केट से 5 मिनट में फल लेकर आते हैं। बाइक लेकर दोनों घर से 500 मीटर दूर ही पहुंचे थे कि एक दूसरी बाइक से आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि दोनों कई फीट दूर गिरे। घटना की सूचना घर पहुंची तो रिश्तेदार मौके पर पहुंचे। अस्पताल ले गए। वहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई।पिता की मौत की खबर सुनकर बेटी मनीषा बेहोश गई। खुशी का माहौल मातम में बदल गया। हालांकि, परिजन ने शादी की रस्में जल्दी-जल्दी पूरी करा बेटी को विदा कर दिया। रस्मों के दौरान बेटी का रो-रोकर बुरा हाल था। हादसा जिला मुख्यालय से 35 किमी दूर लखनऊ-जौनपुर हाइवे पर जायस मोड़ के पास हुआ। अमेठी के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के पंडित का गांव में गौतम कुमार (43) पुत्र राम भरोसे परिवार के साथ रहते थे। उनके परिवार में पत्नी, सात बेटियां और एक बेटा है। गौतम ड्राइवरी का काम करते थे। बड़ी बेटी मनीषा की शादी थी। बारात जामो थाना क्षेत्र के संभई गांव से आई थी। घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं।

# गिरफ्तार तस्करों ने डकैती का बनाया था प्लान

## सर सैयद नगर में करने वाले थे वारदात, पहले ही पकड़े गए

**अमन लेखनी समाचार**



अलीगढ़, पुलिस द्वारा दो दिन पहले पकड़े गए हथियार तस्करी सिंडिकेट में कई अहम जानकारी हाथ लगी है। पता चला है कि हिरासत में लिए गए एएमयू छात्रों शहवान, मोहम्मद कासिफ और होटल संचालक प्रियेंद्र समेत गैंग के सदस्य सर सैयद नगर स्थित एक बड़े मकान में डकैती डालने की तैयारी कर रहे थे। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपियों में मुनीर गैंग से जुड़े लोग भी शामिल हैं। वहीं पंजीपुर स्थित खंडहरनुमा किले में दबिश के दौरान तीन आरोपी पुलिस पर फायरिंग कर फरार हो गए थे। पुलिस अब उनकी तलाश में लगातार दबिश दे रही है। कई दिनों से कर रहे थे रेकीपूछताछ में पता चला है कि गैंग पिछले कई दिनों से सर सैयद नगर के मकान की रेकी कर रहा था। आरोपी वारदात को अंजाम देने के लिए सही समय और मौके का इंतजार कर रहे थे। पुलिस के अनुसार डकैती के दौरान विरोध होने पर दहशत फैलाने के लिए गैंग ताबड़तोड़ फायरिंग करने की भी तैयारी में था। इसके लिए उनके पास भारी मात्रा में अवैध हथियार और कारतूस मौजूद थे।

**पुलिस पर फायरिंग कर 3 आरोपी फरार**

रात पुलिस की दबिश के दौरान आरोपियों ने टीम पर सीधी फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने 12 लोगों को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर तीन आरोपी फरार हो गए। फरार आरोपियों में नगला पटवारी निवासी वसीम, देहलीगेट निवासी कामरान और ऊपरकोट निवासी सिराज शामिल हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की चार टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

**मोबाइल डेटा से खुलेंगे नेटवर्क के राज**

पुलिस की साइबर सेल गिरफ्तार 12 आरोपियों के मोबाइल फोन की जांच कर रही है। आईएमईआई ट्रैकिंग और कॉल डिटेल रिकॉर्ड के जरिए पूरे नेटवर्क की कड़ियां खंगाली जा रही हैं।

# हेड कांस्टेबल के बेटे ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

## कमरे में दुपट्टे से लटका मिला शव, परिजनों ने मानसिक तनाव बताया, पोस्टमार्टम से इनकार

**अमन लेखनी समाचार**




शाहजहांपुर, एक हेड कांस्टेबल के 16 साल के बेटे ने अपने कमरे में दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्र का शव सुबह परिवार के जागने पर लटका हुआ मिला। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान पुलिस लाइन में रहने वाले हेड कांस्टेबल देवेंद्र कुमार के बेटे के रूप में हुई है, जो सीओ सदर कार्यालय में तैनात हैं। छात्र इंटरमीडिएट का विद्यार्थी था। रात में परिवार के सोने के बाद छात्र ने अपने कमरे में यह कदम उठाया। सुबह जब परिजन उठे और कमरे में गए, तो उन्हें छात्र का शव फंदे से लटका मिला, जिससे परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची और परिवार से घटना के संबंध में जानकारी की। परिजनों ने पुलिस को बताया कि छात्र कुछ समय से मानसिक तनाव में था, हालांकि तनाव का स्पष्ट कारण नहीं बता पाए। परिवार ने किसी पर कोई आरोप भी नहीं लगाया और पोस्टमार्टम कराने से भी इनकार कर दिया। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि छात्र मूलरूप से सीतापुर जिले के थाना रामकोट क्षेत्र के जूड़ा नई बस्ती का रहने वाला था। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार करते हुए उसे सीतापुर ले जाने का फैसला किया, जहां उसका अंतिम संस्कार किया जाएगा। सीओ सदर प्रयांक ने भी पुष्टि की कि परिजनों के अनुसार, छात्र मानसिक तनाव में था और उन्होंने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है।

# सिलेंडर फटने से महिला की मौत

**खाना बनाते समय हुआ हादसा, 50 मीटर दूर जाकर गिरा सिलेंडर**

**अमन लेखनी समाचार**




प्रतापगढ़, हथिगवां थाना क्षेत्र में घरेलू एलपीजी सिलेंडर फटने से एक महिला की मौत हो गई। यह घटना पूरे गड़ेरियान गांव में हुई। जहां सिलेंडर में विस्फोट के बाद आग लग गई। सिलेंडर फटने के बाद घर से करीब 50 मीटर दूर गिरा। घटना के समय पति बाजार गया हुआ था। सास पड़ोसी के घर गई हुई थी। वहीं बच्चे स्कूल में थे। रेनू देवी घर में अकेली थी और खाना बना रहा थी। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।जानकारी के अनुसार, पूरे गड़ेरियान गांव निवासी रेनू देवी (पत्नी राजू पाल) अपने घर में खाना बना रही थीं। इसी दौरान अचानक घरेलू गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया। विस्फोट की तीव्रता इतनी अधिक थी कि घर की एक दीवार और छत का कुछ हिस्सा भी ढह गया। इस हादसे में रेनू देवी गंभीर रूप से झुलस गईं और उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस कर रही पूरे मामले की जांच घटना की सूचना मिलते ही हथिगवां थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। काफी प्रयासों के बाद आग पर नियंत्रण पाया जा सका। पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह हादसा घरेलू एलपीजी सिलेंडर फटने के कारण होना बतपुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# जंगल में मिला अर्धजला युवक का शव

## पुलिस ने पहचान के लिए डीएनए जांच कराएगी, सैंपल लिए

**अमन लेखनी समाचार**



प्रतापगढ़, देहात कोतवाली क्षेत्र में नरवा सिटी रोड से करीब 150 मीटर अंदर जंगल में एक अज्ञात युवक का अर्धजला शव मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी गई। जानकारी के अनुसार, नगर पंचायत सिटी के अध्यक्ष जैकी खान ने शुक्रवार शाम करीब 6 बजे पुलिस को जंगल में शव पड़े होने की सूचना दी। सूचना मिलते ही सीओ सिटी प्रशांत राज हुड्डा भारी पुलिस बल और फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने मौके से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए और आसपास के क्षेत्र की गहन जांच की। पुलिस के अनुसार, मृतक युवक की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। शव बुरी तरह जला हुआ होने के कारण पहचान में दिक्कत आ रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही युवक की पहचान सुनिश्चित करने के लिए डीएनए सैंपल भी सुरक्षित कर जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। सीओ सिटी प्रशांत राज हुड्डा ने बताया- अर्धजला शव मिलने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस की ओर से अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले के सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है।

## संक्षेप

### पुरानी रंजिश में दो भाइयों पर धारदार हथियारों से हमला

#### बागपत में गौरीपुर मोड़ पर बुलाकर किया हमला

बागपत, खूबीपुर निवाड़ा गांव में पुरानी रंजिश के चलते दो भाइयों पर धारदार हथियारों और लाठी-डंडों से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। हमले में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है।पहले हुए विवाद से जुड़ा बताया जा रहा मामला पीड़ित परिवार के अनुसार, 6 मई को गांव में दो पक्षों के बीच विवाद हुआ था। उसी मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर परिवार के कुछ सदस्य कोतवाली गए हुए थे। इसी बीच घर पर मौजूद राशिद और उसके भाई सादिक को निशाना बनाया गया। फोन कर बुलाया, फिर घेरकर पीटापरिवार का आरोप है कि गांव के कुछ युवकों ने राशिद को फोन कर गौरीपुर मोड़ पर बुलाया। जैसे ही वह मौके पर पहुंचा, पहले से मौजूद युवकों ने उसे घेर लिया। आरोप है कि हमलावर धारदार हथियार और लाठी-डंडे लेकर आए थे। गाली-गलौज के बाद उन्होंने राशिद पर हमला कर दियाभाई को बचाने पहुंचा सादिक भी घायलराशिद पर हमला होते देख उसका भाई सादिक मौके पर पहुंचा, लेकिन आरोपियों ने उस पर भी हमला कर दिया। हमले में राशिद के सिर, हाथ और शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं, जबकि सादिक के सिर और कमर पर गहरे घाव बताए जा रहे हैं।जिला अस्पताल में कराया गया मेडिकलघटना के बाद दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने उनका मेडिकल परीक्षण किया है। परिजनों का कहना है कि दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है।आरोपियों की गिरफ्तारी की मांगपीड़ित परिवार ने पुलिस प्रशासन से आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। बिर्जेश कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### तेज रफ्तार कार तालाब में गिरी

#### तीन युवकों की बाल-बाल बची जान, हाईस्पीड की वजह से हादसा

बागपत , शहर कोतवाली क्षेत्र के सूरजपुर महनवा गांव में शनिवार सुबह एक बड़ा हादसा टल गया। नोएडा से शादी समारोह से लौट रही एक तेज रफ्तार वैगनआर कार अनियंत्रित होकर तालाब में जा गिरी। कार में सवार तीनों युवकों को राहगीरों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया। बताया गया कि चालक को नींद की झपकी आने के कारण कार का संतुलन बिगड़ गया। कार में बसा टिकरी निवासी अरविंद और पवन, तथा मितली निवासी अभिमन्यु शर्मा सवार थे।

### पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा क्षतिग्रस्त

#### नौचंदी मैदान के पास लगी प्रतिमा का हाथ टूटा, कांग्रेसियों ने कार्रवाई की मांग की

मेरठ ,नौचंदी थानाक्षेत्र के शास्त्रीनगर के ब्लॉक में लगी पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। सुबह जब कुछ लोग पार्क की तरफ पहुंचे तो उन्होंने प्रतिमा क्षतिग्रस्त देखी। इसके बाद मौके पर स्थानीय लोगों सहित कुछ कांग्रेस नेता भी पहुंचे। जिन्होंने घटना पर रोष जताया।

# आईटीआई छात्र की हत्या करने वाला मुठभेड़ में गिरफ्तार

## पुलिस ने रोका तो कर दी फायरिंग, 10 मई को स्टूडेंट को मारी थी गोली

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज , आईटीआई के छात्र की हत्या करने वाला आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार हो गया। मुठभेड़ में उसके पैर में पुलिस की गोली लगी। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया है। आरोपी ने 10 मई को छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी थी। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचा तो गांव वाले आक्रोशित हो गए। लोग आरोपी साहिल यादव के घर की तरफ जाने लगे। यह देख इंस्पेक्टर होलागढ़ ने उन्हें रोकने की कोशिश की, मगर लोग नहीं माने इंस्पेक्टर ने रोका तो लोगों ने उन्हें सड़क के किनारे धकेल दिया।हत्यारोपी ने पुलिस पर फायरिंग की उधर मुख्य आरोपी साहिल यादव सोमवार रात मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को देखकर उसने भागने की कोशिश की और फायरिंग भी की। फिलहाल उससे देर रात तक पूछताछ जारी थी। डीसीपी गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि वारदात के बाद से ही उसकी तलाश की जा रही थी। उसके होलागढ़ क्षेत्र में ही होने की सूचना पर घेराबंदी की गई। इस दौरान उसने भागने की कोशिश की और पुलिस को निशाना बनाकर फायरिंग की। गनीमत रही कि इसमें कोई हताहत नहीं हुआ और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसके कब्जे से एक तमंचा और कारतूस भी बरामद हुआ है। उसे विस्तृत पूछताछ जारी है। इससे पहले वारदात का वीडियो सामने आया था। इसमें हिमांशु गोली लगने के बाद सड़क पर पड़ा तड़पता दिखाई दे रहा है। कुछ देर बाद वहां चार-पांच स्थानीय लोग जुटते हैं और वह उसे उठाकर ले जाते हैं। 1.08 सेकेंड के इस वीडियो को घटना के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों में से ही किसी ने अपने मोबाइल से बनाया। वीडियो शुरू होते ही हिमांशु सड़क पर पड़ा तड़पता दिखाई पड़ता है। उसे सीने में गोली लगी थी। मौके पर पांच से छह स्थानीय लोग पहुंचते हैं। घबराए हुए नजर आए दोनों दोस्तइस वीडियो में हिमांशु के साथ घटनास्थल पर मौजूद रहे उसके दोस्त संदीप व अवनीश भी नजर आते हैं। इनमें से ही एक फोन से घटना की सूचना पुलिस को देता दिखाई पड़ता है। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से ही घायल हिमांशु को उठाकर ले जाया जाता है।


### स्थानीय लोगों ने भी देखा हत्यारों को

इस वीडियो को देखने से यह भी पता चलता है कि आरोपियों को न सिर्फ हिमांशु के दो दोस्तों ने देखा, बल्कि एक स्थानीय व्यक्ति ने भी देखा था। वीडियो में वह यह कहता दिखाई देता है कि हत्या के बाद आरोपी किस ओर भागे।उधर मां रीता ने तहरीर देकर पुलिस को बताया है कि बेटा हिमांशु मामा अनिल सरोज निवासी मलाकनारा थाना बाघराय जिला प्रतापगढ़ के घर पर रहकर पढ़ाई करता था।

# कचहरी हत्याकांड में माफिया विजय मिश्र दोषी करार

## प्रयागराज की एमपीएमएलए कोर्ट ने तीन अन्य को दोषी ठहराया, सजा का ऐलान कल

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज, जिला कचहरी में हुई हत्या के मामले में माफिया विजय मिश्र को दोषी करार दिया गया है। 1980 में हुए हत्याकांड में विजय मिश्रा के साथ ही तीन अन्य आरोपियों को भी दोषी ठहराया गया है। इस बहुचर्चित हत्याकांड में विजय मिश्र समेत अन्य को बुधवार को सजा सुनाई जाएगी।मंगलवार को प्रयागराज की एमपीएमएलए कोर्ट के जज योगेश कुमार ने विजय मिश्र समेत तीन अन्य को दोषी करार दिया। प्रयागराज कचहरी में प्रकाश नारायण पांडे की 11 फरवरी 1980 को हत्या कर दी गई थी।जानिये क्या है मामला कर्नलगंज थाने में हाथी गांव नवाबगंज निवासी श्याम नारायण पांडे ने 11 फरवरी 1980 को एक प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह एक मुकदमे में जमानत कराने के लिए कचहरी आए हुए थे। अपने अधिवक्ता की सीट पर बैठे थे, जो कि छोटे लाल का होटल कचहरी परिसर में है। तभी विजय मिश्रा, बलराम संतराम और जीत नारायण बंदूक और राइफल लेकर आए और प्रकाश नारायण पांडे को गोली मार दी। जिससे उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने घटना स्थल से बंदूक भी बरामद किया थान्यायालय ने श्याम नारायण पांडे का कथन शपथ पूर्वक दर्ज किया। पूर्व विधायक विजय मिश्रा वर्तमान में आगरा जेल में बंद है। उसको वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पूरी कार्यवाही में पेश किया गया।माफिया विजय मिश्र के खिलाफ कई दर्जन केस विजय मिश्रा के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, शस्त्र अधिनियम, गैंगस्टर, गुंडा, अपहरण, खनिज अधिनियम समेत 77 से ज्यादा मुकदमे हैं। इसमें प्रयागराज के जार्जटाउन, हंडिया, उतरांव, सरायममरेज, फूलपुर, कोतवाली, सिविल लाइंस, वाराणसी के भेलूपुर, भदोही, गोपीगंज, औराई, कोईरौना, ज्ञानपुर, मीरजापुर के कोतवाली देहात, डूकषवध्याचल और मेरठ व शिवपुर हावड़ा में मुकदमे हैं।

# क्राइम ब्रांच ने मेरठ से अवैध हथियार सप्लायर दबोचा

## लंबे समय से फरार घोषित था अपराधी गुफरान, बागपत के युवक ने किया खुलासा

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने मेरठ से अवैध हथियारों की सप्लाई करने वाले एक घोषित अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था और लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस को चकमा दे रहा था। क्राइम ब्रांच की टीम आरोपी को गिरफ्तार कर अपने साथ दिल्ली ले गई है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान 42 वर्षीय गुफरान पुत्र खुर्शीद के रूप में हुई है, जो मेरठ का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है। दिल्ली पुलिस के अनुसार, गुफरान को रोहिणी कोर्ट ने 2 फरवरी 2026 को घोषित अपराधी करार दिया था।इसके बाद से उसकी तलाश लगातार की जा रही थी। बागपत निवासी युवक से हुआ था खुलासापुलिस के मुताबिक, मामले की शुरूआत 2 मार्च 2025 को हुई थी, जब केएनके मार्ग थाना पुलिस ने बागपत निवासी गौरव नाम के युवक को गिरफ्तार किया था। तलाशी के दौरान उसके पास से दो अवैध पिस्टल और चार जिंदा कारतूस बरामद हुए थे। पूछताछ में गौरव ने खुलासा किया था कि हथियार मेरठ निवासी गुफरान और उसके भाई अहसान द्वारा सप्लाई किए गए थे। इसके बाद पुलिस ने दोनों भाइयों की तलाश शुरू की, लेकिन आरोपी लगातार अपने ठिकाने बदलते रहे।

दिल्ली में अपराधियों को करता था हथियार सप्लाईपुलिस जांच में सामने आया है

# सोते रहे परिजन चोरों ने लगाया लाखों का चूना

## लाखों के जेवरात समेत 40000 नगदी किया पार

अमन लेखनी समाचार / समरजीत सोनकर



अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव बबई निवासी श्रवणलाल वर्मा पुत्र स्वर्गीय भिखारी लाल वर्मा के निवास में अज्ञात चोरों ने वारदात की पीड़ित के सुपुत्र शिवनारायण वर्मा द्वारा मिली जानकारी के अनुसार विगत रात्रि सोमवार प्रातः मंगलवार को अज्ञात चोरों ने घर में वारदात की शंका जाहिर करते हुए पीड़ित ने बताया की बाहर रखी टेंट की सीढ़ी तथा खिड़की भी खुली मिली जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है की चोर इसी रास्ते से घर में घुसे होंगे जहां घर में प्रवेश कर चोरों ने कमरे में रखी अलमारी से लाखों के जेवरात जैसे सोने के कंगन मांग बेदी हार हाफपेटी मंगलसूत्र बाला झुमकी इत्यादि सभी लाखों के आभूषण समेत 40000 नगदी रुपए पार कर दिए रात्रि समय लघु शंका के लिए उठे परिजनों ने देखा कि बाहर सामान बिखरा हुआ पड़ा था जिसे देख खलबली मच गई आनन-फानन पीड़ित श्रवणलाल पाल ने गस्त में लगी पुलिस प्रशासन को सूचना दी जहां सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने तहकीकात की वहीं फॉरेंसिक टीम बुलाई गई जहां पहुंची टीम ने भी साक्ष्य जुटाए कल देर शाम पीड़ित द्वारा लिखित तहरीर थाना चांदपुर में दी गई जहां पीड़ित ने बताया कि घटना के समय घर में पीड़ित के साथ-साथ पत्नी गोमती छोटा बेटा शिव प्रसाद पुत्रवधू प्रिया आदि सभी लोग सो रहे थे वहीं बड़ा बेटा शिवनारायण वर्मा नजदीकी गांव डिघरुआ में अपने परिवार के साथ रह रहा है पीड़ित का मुख्यतया कृषि कार्य कारोबार है थाना प्रभारी विनोद पटेल ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है मामले की जांच करते हुए चोरों की खोजबीन करने का भरसक प्रयास किया जा रहा है जल्द ही खुलासा का आश्वासन दिया

# सदर के कंकाल वाले घर से निकला चार क्विंटल कूड़ा

## सफाई के दौरान भीषण दुर्गंध से तीन युवकों की हालत बिगड़ी, उल्टियां हुई

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , उदय भानु बिस्वास के घर की सफाई के दौरान तीन कर्मचारियों की हालत बिगड़ गई। दरवाजा खुलते ही ऐसी दुर्गंध उठी कि कर्मचारी उल्टी करने लगे। आस पास के लोगों ने पानी पिलाया, तब जाकर हालत में सुधार हुआ। दो दिन चली सफाई के बाद घर से करीब चार कुंतल कूड़ा और कबाड़ निकला है। बड़ी मात्रा में कपड़े मिले हैं, जिनसे दुर्गंध उठ रही थी। एक नजर प्रियंका बिस्वास केस पर सदर बाजार के तेली मोहल्ले में 72 वर्ष के उदय भानु बिस्वास अपनी 36 वर्ष की बेटी प्रियंका बिस्वास के साथ रहते चले आ रहे थे। 11 अप्रैल की शाम प्रियंका का शव उसके बंद मकान से पुलिस ने बरामद किया जो 90 प्रतिशत कंकाल में तब्दील हो चुका था। साफ पता चल रहा था कि कई माह से यह शव यहां पड़ा हुआ था लेकिल उदय भानु बिस्वास ने किसी को सूचना नहीं दी। पुलिस ने शव को मोर्चरी भेजा और पिता उदय भानु बिस्वास को पूछताछ के लिए हिरासत में लियउदय भानु बिस्वास की कराई काउंसलिंग पुलिस ने जब उदय भानु बिस्वास से बेटी प्रियंका की मौत के बारे में जानने का प्रयास किया तो वह कुछ नहीं बता पाया। पुलिस को लगा कि उदय भानु बिस्वास को सदमा लगा है। उन्होंने अफसरों से काउंसलिंग कराये जाने की पैरवी की। इसके बाद 17 अप्रैल को उदय भानु को मेडिकल कॉलेज के मानसिक रोग विभाग में एडमिट करा दिया गया

# 'कोई मुसलमान हमारा खाना न खाए' कहकर प्लेट छीनी

## हिंदू रक्षा दल अध्यक्ष बोले- इसे हटाओ, कोई मुल्ला यहां न आए

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद , गाजियाबाद के एक भंडारे में पहुंचे एक मुस्लिम युवक के हाथ से हिंदू रक्षा दल के अध्यक्ष पिंकी चौधरी ने प्लेट छीन ली। वह कहते सुनाई दे रहे हैं, सुनो भाई, यहां कोई मुल्ला न आए। किसी को अच्छा लगे या न लगे।ह्व इसके बाद युवक वहां से चला जाता है, जबकि समर्थक अपने अध्यक्ष की बात सुनकर हंसते नजर आते हैं। यह वीडियो सामने आया। पिंकी चौधरी के अनुसार, यह साहिबाबाद में हुए एक कार्यक्रम का वीडियो है और करीब 20 दिन पुराना है। हिंदू रक्षा दल के अध्यक्ष पिंकी चौधरी का 43 सेकेंड का वीडियो सामने आया है। वह भंडारे में खाना बांटते हुए दिख रहे हैं। उसी दौरान एक युवक वहां पर पहुंचता है। पिंकी चौधरी उससे नाम पूछते हैं। युवक अपना नाम मुल्ला बताता है।नाम सुनने के बाद वह उसके हाथों से प्लेट छीन लेते हैं। कहते हैं- इसे हटाओ यहां से। कोई मुल्ला यहां न आए। चाहें किसी को अच्छा लगा या बुरा। लेकिन कोई मुल्ला यहां पर नहीं आना चाहिए। उधर, हाथों से प्लेट छीने जाने के बाद युवक वहां से चला जाता है। जबकि पिंकी के समर्थक उनकी बातें सुन मुस्कुराते दिख रहे।

### पिंकी चौधरी बोले- हिंदुओं के कार्यक्रम में मुसलमान न आएं

वीडियो सामने आने के बाद पिंकी चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम करीब 20 दिन पहले का है। मैंने कुछ भी गलत नहीं कहा है। हिंदुओं के कार्यक्रमों में मुसलमानों का आना गलत है। मैंने ऐसा ही किया है। हालांकि, वीडियो किसने बनाया, इसकी जानकारी नहीं है।

हिंदुओं को तलवार बांटने पर जाना पड़ा था जेल पहले भी पिंकी चौधरी विवादों में रहे हैं। 29 दिसंबर 2025 को 21 सेकेंड का उनका एक वीडियो सामने आया था। वीडियो गाजियाबाद के शालीमार गार्डन एरिया का था। पिंकी चौधरी अपने समर्थकों के साथ घर-घर तलवार बांटते हुए दिख रहे। वीडियो में समर्थकों के हाथों में तलवार और फरसे थे। भारत माता के जयकारे लगाते हुए हर घर का दरवाजा खटखटाते हैं। घर के मालिक के निकलने पर उसे तलवार थमाकर यह कहते हैं कि ये आपकी बहन-बेटियों की सुरक्षा के लिए। अगर बांग्लादेश जैसी स्थिति पैदा होती है, तो विधर्मियों से अपनी सुरक्षा के लिए।इस मामले में 6 जनवरी को पुलिस ने पिंकी चौधरी और उनके बेटे को अरेस्ट कर लिया। 15 जनवरी को जमानत पर छूटने के बाद उन्होंने 25 किमी लंबा जुलूस निकाला था।

# सपा नेता के अवैध शोरूमों पर चला बुलडोजर

## जिला पंचायत की जमीन पर हिस्ट्रीशीटर ने खड़े किए 2 अवैध निर्माण, कोर्ट के आदेश पर एक्शन

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,सपा नेता, पूर्व पार्षद और हिस्ट्रीशीटर सईद सज्जू के दो बड़े शोरूमों पर बुलडोजर गरजा। सईद सज्जू ने जिला पंचायत से लीज पर ली गई जमीन पर अवैध तरीके से कपड़े के दो बड़े शोरूम खोल लिए। इतना ही नहीं जब उसके खिलाफ शिकायत हुई तो सज्जू कोर्ट चला गया। लेकिन 5 मई को वो कोर्ट में केस हार गया। कोर्ट ने उसके अवैध निर्माण को गिराने का आदेश दे दिया। जिसके आधार पर जिला पंचायत की टीम ने बुलडोजर एक्शन के तहत सज्जू के दोनों अवैध शोरूम ढहाते हुए जमीन पर अपना कब्जा ले लिया। जिला पंचायत की टीम ने अवैध निर्माण के खिलाफ बड़ा एक्शन लिया। जिला पंचायत की टीम ने शहर के बीचोंबीच मेन मार्केट केसगंज मंडी के आसपास अपनी अरबों रुपयों की जमीन को कब्जा मुक्त कराया। पंचायत ने यहां बने अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाते हुए उन्हें ढहा दिया। इसके साथ ही अपनी जमीन पर कब्जा ले लिया। कार्रवाई के दौरान माहौल न बिगड़े इसलिए रेलवे रोड थानापुलिस के साथ ही भारी संख्या में पीएसी और महिला पुलिसबल भी मौके पर तैनात रहा। बता दें कि केसरगंज में सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण की शिकायतें लंबे समय से मिल रही थीं, जिसके बाद ध्वस्तीकरण कर जमीन को मुक्त कराया गया है। शहर में अन्य स्थानों पर भी ऐसे अवैध चिह्नीकरण किए गए हैं, जहां जल्द ही बुलडोजर एक्शन देखने को मिलेगा। विभाग का दावा है कि सभी प्रक्रियाएं नियमानुसार पूरी की गई हैं।

### कोर्ट के आदेश पर सपा नेता के शोरूम ध्वस्त

बुलडोजर एक्शन की जद में सपा नेता, पूर्व पार्षद सईद सज्जू के भी दो शोरूम आए। जिन्हें जिला पंचायत की टीम ने ध्वस्त करा दिया। हिस्ट्रीशीटर सईद सज्जू ने 154 साल पुरानी मॉडल स्कूल की बेशकीमती जमीन पर दो शोरूम बनाये। ये जमीन सईद सज्जू को विवादित जमीन लीज पर दी गई थी। लेकिन उसने बिना नक्शा पास कराए ही दो शोरूम यहां बना डाले। शिकायत पर हुई जांच में ये बात सच निकली। तो विकास प्राधिकरण ने इस पर 15 दिन में 2 बार सील लगा दी। लेकिन हिस्ट्रीशीटर ने दोनों बार सील तोड़ दी। इसके बाद प्राधिकरण भी खामोश हो गया। उसकी तरफ से हिस्ट्रीशीटर पर मुकदमा भी नहीं कराया गया। दोबारा शिकायत होने पर जिला पंचायत ने सपा नेता की इस जमीन की लीज को कैंसिल कर दिया। लीज कैंसिल होने पर सईद सज्जू जिला पंचायत के खिलाफ कोर्ट में चला गया।

जहां कोर्ट ने पूरी शिकायत को सही मानते हुए 5 मई को जिला पंचायत के हक में फैसला सुनाते हुए कहा कि ये पूरा निर्माण नियमविरूद्ध हुआ है। आज कोर्ट के आदेश पर दोनों शोरूम ध्वस्त किए गए हैं।

# 40 करोड़ की जमीन कब्जामुक्त

## प्राधिकरण ने 20 हजार वर्ग मीटर पर अवैध निर्माण ध्वस्त किया

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर , ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अधिसूचित क्षेत्र ननवा का राजपुर में लगभग 20 हजार वर्ग मीटर भूमि पर किए गए अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। इस भूमि की अनुमानित कीमत लगभग 40 करोड़ रुपये है। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई।प्राधिकरण के भूलेख और परियोजना विभाग की टीम ने शनिवार को यह अभियान चलाया। कालोनाइजर ननवा का राजपुर के खसरा नंबर 156 और आसपास की जमीन पर अवैध प्लॉटिंग करने का प्रयास कर रहे थे। महाप्रबंधक एके सिंह ने बताया कि कालोनाइजर अवैध निर्माण कर जमीन कब्जाने की कोशिश में थे। ग्रेनो प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव ने चेतावनी दी है कि अधिसूचित क्षेत्रों में बिना अनुमति या नक्शा पास कराए बिना किए गए अवैध निर्माण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।एसीईओ यादव ने आम जनता से अपील की है कि ग्रेटर नोएडा में कहीं भी जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण के भूलेख विभाग से संपर्क कर पूरी जानकारी प्राप्त करें। उन्होंने लोगों को अवैध कॉलोनियों में अपनी गाढ़ी कमाई न फंसाने की सलाह दी।

# विदेश घुमाने का सपना दिखाकर करोड़ों की ठगी

## नोएडा में रेंजर्स क्लब के 3 मेंबर अरेस्ट, पर्यटन मंत्रालय के फर्जी आईडी बरामद

अमन लेखनी समाचार



नोएडा , नोएडा थाना सेक्टर-24 पुलिस ने टूर एंड पैकेज बुक कराने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाली कंपनी रेंजर्स क्लब के 3 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके नाम इमरान खान, अभय कुमार और शैलेंद्र सिंह है। इनके पास से 3 फर्जी आईकार्ड पर्यटन मंत्रालय , 180 फर्जी विजिटिंग कर्ड और 14 मोहरे और 15 एमओयू बरामद किए गए। एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि ये लोग अपने को रेंजर्स क्लब कंपनी का डायरेक्टर बताते है। सोशल मीडिया पर देश और विदेश में घुमाने के लिए लुभावने ऑफर के साथ पैकेज शेयर करते है। जैसे ही कोई इनको फोन करता है। उसको पैकेज के बारे में जानकारी देते। इसके बाद ग्राहकों से पैसा लेकर फर्जी बुकिंग बाउचर और रसीद भेज देते है, ताकि ग्राहक को भरोसे में लिया जा सके। जब ग्राहक इनके बताए गए होटल, एयरलाइन या स्थान पर जाता है तो वहां बुकिंग नहीं होती। इस तरह ये लोग अब तक करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी कर चुके है। ये पैसा सीधे बैंक खातों में ट्रांसफर करवाते है। पैसा आने के बाद ये आपस में बांट लेते और मौज मस्ती करते है। एडीसीपी ने बताया कि लगातार मिल रही शिकायतों के बाद ये एक्शन लिया गया। लॉजिक्स मॉल में खोला था ऑफिसइन तीनों ने मिलकर लॉजिक्स मॉल में रेंजर्स क्लब नाम से ऑफिस खोला था। वहीं से ई मेल, सोशल मीडिया के जरिए ये अपना प्रचार करते है। अब तक 100 से ज्यादा लोगों को ठगी का शिकार बना चुके है। जिनको लाखों रुपए ऐंठ चुके है।

# दो मजदूरों की हत्या करने वाला गिरफ्तार

## एक को बहन की मौत का बदला लेने के लिए मारा, दूसरे का चुप करने के लिए

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर , ग्रेटर नोएडा में दो मालियों की हत्या के आरोपी से पुलिस की मुठभेड़ हुई है। नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में सुबह हुई इस मुठभेड़ में बदमाश अभिषेक के पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस के अनुसार, मुठभेड़ के दौरान आरोपी अभिषेक ने पुलिस टीम पर फायरिंग की। इसमें एक पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली अभिषेक के पैर में लगी। इसके बाद उसे दबोच लिया गया। निमार्णाधीन हॉस्टल में आरोपी अभिषेक अपने दो साथी मजदूरों, शीशपाल (25) और इंद्रपाल (50) के साथ शराब पी रहा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर तीनों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर अभिषेक ने पहले एक मजदूर के सिर पर फावड़े से हमला कर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद, दूसरे मजदूर द्वारा पुलिस को सूचना देने के डर से, उसने दूसरे मजदूर को भी फावड़े से सिर पर वार कर हत्या कर दी। पुलिस ने हत्या के बाद आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले और जानकारी जुटाई। पता चला कि ये तीनों लोग तीन दिन पहले मेरठ से निमार्णाधीन हॉस्टल में माली का काम करने आए थे।

# प्रधानमंत्री की अपील के विरोध में सर्राफा कारोबारियों ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



गरौठा (झांसी)। नगर के क्षत्रिय स्वर्णकार समाज गुरसरांय के अध्यक्ष प्रेमगोपाल मन्नू सोनी के नेतृत्व में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री कार्यालय, राज्यपाल एवं लोकपाल के नाम संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी गरौठा के माध्यम से तहसीलदार गरौठा राधा पालीवाल को सौंपा गया। ज्ञापन में स्वर्णकार समाज के पदाधिकारियों एवं कारोबारियों ने बताया कि सरार्फा व्यापार ही उनके परिवारों के जीविकोपार्जन का मुख्य साधन है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा देशवासियों से एक वर्ष तक सोना-चांदी के आभूषण न खरीदने की अपील किए जाने से सरार्फा व्यापार पूरी तरह प्रभावित हो सकता है। इससे व्यापारियों के साथ-साथ छोटे कारीगरों और दैनिक मजदूरी पर आभूषण बनाने वाले परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा। समाज के लोगों ने कहा कि यदि आभूषणों की खरीद बंद हो गई तो हजारों परिवार आर्थिक संकट और भूखमरी की स्थिति में पहुंच सकते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री से इस अपील पर पुनर्विचार करने की मांग करते हुए स्वर्णकार समाज और छोटे कारीगरों के हितों को ध्यान में रखने का अनुरोध किया। ज्ञापन सौंपने वालों में धर्मेंद्र सोनी बल्ले, विजय सोनी, मुकेश सोनी, लक्ष्मी नारायण सोनी, संदीप सोनी, आनंद सोनी, अशोक सोनी, चंद्रमणि कौशल, योगेश कुमार सोनी, प्रेमचंद स्वर्णकार, राजकुमार सोनी, कृष्ण कुमार सोनी, ह्रदेश सोनी, अजय सोनी, रविंद्र सोनी, जय सोनी, राकेश, मनोज, राजेंद्र, हरदास, चंद्र प्रकाश सोनी सहित गुरसरांय नगर एवं तहसील क्षेत्र के बड़ी संख्या में स्वर्णकार समाज के लोग और सोना-चांदी व्यवसायी मौजूद रहे।

# मदर्स डे पर सेंट जेवियर्स प्राइमरी स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम,

**बच्चों ने मांओं संग बिखेरी खुशियां**

अमन लेखनी समाचार



हरदोई। सेंट जेवियर्स प्राइमरी स्कूल हरदोई में मदर्स डे के अवसर पर प्री-नर्सरी और नर्सरी कक्षा के बच्चों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों और उनकी माताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर माहौल को खुशनुमा बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की प्रिंसिपल मिसेज मौसमी एवं मुख्य अतिथि एसडीएम हरदोई भूमिका यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी माताओं के साथ रैंप शो और फायरलेस कुकिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, जिसने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर प्रिंसिपल मिसेज मौसमी ने कहा कि मां का प्यार बच्चों को आत्मविश्वास, संस्कार और खुशियों के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों और माताओं के साथ इस खास रिश्ते का उत्सव मनाना स्कूल परिवार के लिए बेहद यादगार अनुभव रहा। कार्यक्रम के दौरान बच्चों की प्रतिभा और मां-बच्चों के स्नेहपूर्ण रिश्ते ने सभी उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया।

# मोदी की गोल्ड अपील पर भाजपा विधायक श्याम प्रकाश का तंज, पोस्ट वायरल

**बोले— बिना सोने के गहनों के कहीं बेटे की बारात वापस न हो जाए**

अमन लेखनी समाचार




हरदोई, प्रधानमंत्री की ओर से देशवासियों से एक साल तक नया सोना और ज्वेलरी न खरीदने की अपील किए जाने के बाद Shyam Prakash की सोशल मीडिया पोस्ट ने सियासी हलकों में हलचल मचा दी है। हरदोई के गोपामऊ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक श्याम प्रकाश ने फेसबुक पर पोस्ट लिखते हुए पीएम मोदी की अपील पर कटाक्ष किया। विधायक ने लिखा कि वह प्रधानमंत्री के आह्वान पर इलेक्ट्रिक वाहन लेने पर विचार कर रहे हैं, लेकिन कोई यह भी बता दे कि बिना मंगलसूत्र और सोने के गहनों के क्या हिंदू विवाह संभव है। उन्होंने अपने बेटे की दिसंबर में होने वाली शादी का जिक्र करते हुए कहा कि कहीं बिना सोने के गहनों के बारात वापस न हो जाए, या फिर एक साल के लिए शादी-विवाह ही बंद कर दिए जाएं। पोस्ट सामने आते ही सोशल मीडिया पर उसका स्क्रीनशॉट तेजी से वायरल होने लगा। कई लोगों ने इसे प्रधानमंत्री की अपील पर सीधा व्यंग्य बताया, जबकि कुछ लोगों ने इसे आम परिवारों की परंपराओं और सामाजिक दबाव से जुड़ा सवाल बताया। विवाद बढ़ता देख विधायक ने कुछ देर बाद पोस्ट डिलीट कर दी, लेकिन तब तक स्क्रीनशॉट विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फैल चुका था। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और विदेशी मुद्रा पर बढ़ते दबाव का हवाला देते हुए लोगों से अगले एक साल तक नया गोल्ड खरीदने से बचने की अपील की थी। उन्होंने पुराने गहनों के उपयोग और गोल्ड मोनेटाइजेशन स्कीम अपनाने की सलाह दी थी, ताकि सोने के आयात पर होने वाला खर्च कम किया जा सके। भाजपा विधायक श्याम प्रकाश इससे पहले भी अपने बयानों को लेकर चर्चा में रह चुके हैं। कभी सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाने तो कभी सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए राजनीतिक संदेश देने को लेकर वह सुर्खियां बटोरते रहे हैं। अब उनकी यह पोस्ट राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बनी हुई है और सोशल मीडिया पर लोग इसे लेकर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। फिलहाल कुछ देर के बाद उन्होंने अपनी पोस्ट को डिलीट कर दिया।

खास समाचार

## पिता की मौत के बाद बेसहारा हुए मासूम, इंसानियत ने थामा हाथ

**ब्रेन हेमरेज से पिता की मौत,**

**अब बच्चों की शिक्षा और आशियाने के लिए आगे आए समाजसेवी**

अमन लेखनी समाचार

हरदोई में एक परिवार पर ऐसा दुखों का पहाड़ टूटा, जिसने मासूम बच्चों का बचपन ही छीन लिया। पिता मनोज तिवारी की ब्रेन हेमरेज से अचानक मौत हो जाने के बाद बेटा शिवा और उसकी बहनें बेसहारा हो गए। घर की जिम्मेदारी उठाने वाला कोई नहीं बचा, रहने के लिए पक्का मकान तक नहीं है। पिता के जाने के बाद बच्चों की आंखों में आज भी उनका चेहरा और यादें तैर रही हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर होने के कारण बच्चों का भविष्य अंधेरे में नजर आने लगा था। लेकिन इसी मुश्किल घड़ी में इंसानियत की मिसाल भी देखने को मिली। ह्लनेकी की दीवारह्व परिवार, समाजसेवी और कई जागरूक लोग अब इन मासूमों की मदद के लिए आगे आने लगे हैं। समाजसेवी विवेक त्रिवेदी, अर्चित द्विवेदी और मुकेश पांडेय ने बच्चों से मुलाकात कर परिवार को भरोसा दिलाया कि उनकी शिक्षा, रहने की व्यवस्था और बेहतर भविष्य के लिए हर संभव सहायता की जाएगी। लोगों से भी अपील की जा रही है कि वे इन बच्चों के जीवन को संवारने के लिए सहयोग करें। स्थानीय लोगों का कहना है कि दुख की इस घड़ी में समाज का साथ ही इन बच्चों की सबसे बड़ी ताकत बन सकता है। छोटे-छोटे सहयोग से इन मासूमों की जिंदगी में फिर से उम्मीद की रोशनी लाई जा सकती है।लोगों ने कहा बच्चों की आंखों में दर्द साफ दिखाई देता है, लेकिन समाज अगर साथ खड़ा हो जाए तो इनका भविष्य जरूर बदलेगा। इंसानियत का सबसे बड़ा धर्म जरूरतमंद का सहारा बनना है।

## हरदोई में मौत बनकर दौड़ी रफ्तार:

बिजली के पोल से भिड़ी बलेनो, एयरबैग ने बचाई जान

अमन लेखनी समाचार

हरदोई के मल्लावां कस्बे में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जहां एक बलेनो कार अनियंत्रित होकर सीधे विद्युत पोल से जा टकराई। हादसा इतना जबरदस्त था कि बिजली का पोल जड़ से उखड़कर सड़क पर गिर पड़ा। पूरी घटना पास लगे उउळश कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो अब तेजी से वायरल हो रहा है। जानकारी के मुताबिक बड़ा चौराहा निवासी रमन वर्मा अपनी पत्नी प्रियंका सोनी के साथ कानपुर से वापस लौट रहे थे। जैसे ही उनकी कार कटरा-बिल्हौर हाईवे पर पशु चिकित्सालय के सामने पहुंची, तभी अचानक वाहन अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से जा भिड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी भीषण थी कि आसपास के लोग दहशत में आ गए। गनीमत रही कि कार के एयरबैग समय रहते खुल गए, जिससे दंपति बाल-बाल बच गए। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने दोनों को बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उनका उपचार कराया गया। हादसे के बाद कुछ देर के लिए हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

## शौच के दौरान नहर में डूबने से अधेड़ की मौत

अमन लेखनी समाचार

माधौगंज, हरदोई। सुबह शौच को गया अधेड शारदा नहर मे डूब गया। नहर के किनारे शौच के दौरान पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चला गया। थाना क्षेत्र के गांव शेखवा पुर मजरा क्योंटी ख्वाजगीपुर निवासी अनिल कुमार पुत्र भगौती प्रसाद 55 वर्ष मंगलवार की सुबह शौच के लिए शारदा नहर के किनारे गए थे शौच के समय अनिल का पैर फिसल गया जिससे वह तेज बहाव के चलते गहरे पानी में चला गया और वह डूब गये। गोताखोरों की मदद से नहर में जाल बिछाकार ढूंढने का प्रयास जारी है लेकिन अभी तक डूबे हुए व्यक्ति का कोई पता न चल सका है घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। थानाध्यक्ष विजय कुमार ने बताया गांव के लोग दमकल कर्मियों व गोताखोर के साथ नहर में जाल बिछाकर तलाश किया लेकिन शव नहीं मिला।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर जनपद में दिखा आस्था व स्वच्छता का संगम

**जिलाधिकारी की मौजूदगी में प्रधानमंत्री के संबोधन का हुआ सजीव प्रसारण।**

**शिवालयों में चला विशेष स्वच्छता अभियान, मंत्रोच्चार एवं पूजा-अर्चना के साथ मनाया गया पर्व।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर जनपद सोनभद्र में श्रद्धा, स्वच्छता एवं सांस्कृतिक गौरव का भव्य वातावरण देखने को मिला। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट सभागार सहित विभिन्न विकास खण्ड परिसरों में प्रधानमंत्री जी के संबोधन का सजीव प्रसारण दिखया गया, इस दौरान जागृति अवस्थी मुख्य विकास अधिकारी, हेमेन्त कुमार सिंह जिला विकास अधिकारी, विनय कुमार सिंह अपर जिला सूचना अधिकारी, राजेश भारती सहायक पर्यटन अधिकारी व कर्मचारियों एवं आमजन व महिलाओ ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर प्रधानमंत्री जी के विचारों को सुना। कार्यक्रम के दौरान जनपद के विभिन्न शिवालयों एवं मंदिर परिसरों में विशेष साफ- सफाई एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया। मंदिरों की साफ-सफाई, रंग-रोगन एवं परिसर व्यवस्था के कार्यों के साथ श्रद्धालुओं द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार, रुद्राभिषेक, पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन किया गया। धार्मिक आयोजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक परंपरा एवं राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों की स्वच्छता एवं संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है तथा ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने जनपदवासियों से स्वच्छता अभियान के रूप में आगे बढ़ाने एवं धार्मिक स्थलों की पवित्रता बनाए रखने में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की। इस अवसर पर जनपद स्तरीय अधिकारीगण, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, धमार्चार्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में युवक की मौत, दूसरा गंभीर घायल

अमन लेखनी समाचार



गरौठा (झांसी)। हमीरपुर-कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़ेही गेट के पास सोमवार को दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार गरौठा निवासी हरिओम शर्मा का 22 वर्षीय पुत्र सत्यम शर्मा हमीरपुर के लॉ कॉलेज से एलएलबी की पढ़ाई कर रहा था। सोमवार को वह अपने ममेरे भाई दीपांशु पुत्र हेमंत निवासी बागीपुरा ,जतारा टीकमगढ़ (मध्य प्रदेश) के साथ बाइक से हमीरपुर परीक्षा देने जा रहा था। बताया गया कि जब दोनों युवक मुस्करा के पास खड़ेही गेट के निकट पहुंचे, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने तत्काल यूपी-112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दोनों घायलों को मुस्करा सीएचसी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर हमीरपुर रेफर कर दिया गया। वहां से भी गंभीर स्थिति को देखते हुए दोनों को कानपुर रेफर किया गया। इलाज के दौरान सत्यम शर्मा की मौत हो गई, जबकि दूसरे युवक का उपचार जारी है। सत्यम अपने परिवार का इकलौता बेटा था। उसकी मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी है।

# नगर क्षेत्र में जलभराव व पेयजल समस्या के समाधान हेतु कार्ययोजना बनाने के निर्देश

**नगर पालिका क्षेत्र में बरसात के दौरान हो रही जल भराव की समस्या के निराकरण हेतु कार्य योजना बनाने हेतु जिलाधिकारी ने चार सदस्यी टीम का किये गठन**

**कार्य योजना बनाकर शीघ्र प्रस्तुत करने के दिये निर्देश**

**नगर पालिका क्षेत्र व नगर पंचायत क्षेत्र चुर्क-घुरमा में वाटर ट्रीटमेन्ट प्लान्ट बनाने हेतु कार्यवाही की जाये शीघ्र प्रारम्भ- जिलाधिकारी।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में नगर क्षेत्र की पेयजल आपूर्ति, सीवर लाइन एवं कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था व नाला निर्माण नगर पालिका क्षेत्र के संबंध में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने नगर पालिका क्षेत्र में बरसात के दौरान होने वाली जलभराव की समस्या के निराकरण हेतु विस्तृत चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि अधिशासी अभियन्ता जल निगम नगरीय, अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद रावर्टसगंज, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई विभाग, के अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित कर नगर क्षेत्र में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान हेतु कार्ययोजना शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि नगर क्षेत्र में जलनिकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कर नागरिकों को राहत प्रदान की जाए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम शहरी को निर्देशित किया कि नगर क्षेत्र में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना का कार्य प्राथमिकता के आधार पर प्रारंभ कराया जाए। उन्होंने उपजिलाधिकारी को तत्काल भूमि चिन्हांकन सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होने अधिशासी अभियन्ता जल निगम शहरी को निर्देशित किये कि नगर पालिका के विस्तारित क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति हेतु कार्ययोजना एक सप्ताह में तैयार कराकर उपलब्ध करायी जाये एवं नगर क्षेत्र के हर घरों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। इस दौरान उन्होने चुर्क-घुरमा नगर पंचायत क्षेत्र में पेयजल समस्या के समाधान हेतु वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थापना की कार्ययोजना शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश अधिशासी अभियन्ता जल निगम शहरी को दिये।जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को सीवर सप्लाई से संबंधित समस्याओं का तत्काल निराकरण कराने, डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन नियमित रूप से कराने तथा नगर क्षेत्र में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान जिलाधिकारी ने सी0एन0डी0एस0 के ए0ई0 को निर्देशित करते हुए कहा कि नगर पालिका क्षेत्र में हो रहे नाले का निर्माण कार्य अतिशीघ्र पूर्ण किया जाये इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मुकेश कुमार, ए0ई0 जल निगम शहरी सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# समझौते के अगले ही दिन फिर भड़का विवाद, दबंगों पर घर का दरवाजा तोड़ने और जान से मारने की धमकी का आरोप

अमन लेखनी समाचार/ हेमन्त यादव



गुरसराय (झाँसी)। नगर के मोहल्ला गांधीनगर में दो पक्षों के बीच हुआ समझौता अगले ही दिन टूट गया। पीड़ित परिवार ने पड़ोसी पर देर रात शराब के नशे में साथियों सहित घर पहुंचकर गाली-गलौज करने, दरवाजा तोड़ने का प्रयास करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। मामले की शिकायत थाना गुरसराय में की गई है। मोहल्ला गांधीनगर निवासी अजय वर्मा पुत्र धनप्रसाद ने थाना प्रभारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनके पड़ोसी श्रीराम पुत्र दीनदयाल आए दिन घरेलू विवाद करते रहते हैं। आरोप है कि श्रीराम की पत्नी घरेलू कलह का कारण अजय की छोटी बहन को ठहराती है और इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से तनाव बना हुआ था। बताया गया कि 9 मई 2026 को विवाद बढ़ने पर मामला थाना गुरसराय पहुंचा था, जहां पुलिस क्षेत्राधिकारी गरौठा की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच समझौता कराया गया था और भविष्य में विवाद न करने की बात तय हुई थी। पीड़ित अजय वर्मा का आरोप है कि समझौते के बावजूद 10 मई 2026 की रात करीब 12:30 बजे श्रीराम दो अज्ञात लोगों के साथ शराब के नशे में उनके घर पहुंच गया। आरोपियों ने घर के बाहर खड़े होकर गाली-गलौज की तथा लाठी-डंडों से दरवाजा पीटकर तोड़ने का प्रयास किया। इस दौरान घर के बाहर बैठे पालतू कुत्ते को भी डंडा मारने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित परिवार का कहना है कि पूरी घटना का वीडियो मोबाइल कैमरे में रिकॉर्ड किया गया है, जिसमें आरोपी गाली-गलौज करते और जान से मारने की धमकी देते दिखाई दे रहे हैं। घटना के बाद परिवार में दहशत का माहौल बना हुआ है और भय के कारण रातभर कोई सदस्य सो नहीं सका। पीड़ित ने पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई करने तथा परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की मांग की है। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# ग्रासिम इंडस्ट्रीज में रक्तदान शिविर का सफल आयोजन, 25 बने महादानी

अमन लेखनी समाचार



रेणुकूट सोनभद्र। विश्व रेड क्रॉस दिवस एवं विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर ग्रासिम इंडस्ट्रीज, रेणुकूट में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, सोनभद्र एवं प्रयास फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। जिसमे सहयोगी संस्था नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स एवं लायंस क्लब ऑफ रेणुकूट रहा शिविर का उद्घाटन ग्रासिम हेड मनीष गर्ग, फंक्शनल एचआर हेड राजीव दुबे एवं समाजसेवी दिलीप दुबे व ग्रासिम के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल त्रिपाठी द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान एक महान सेवा है, जिससे अनेक जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। इस अवसर पर कर्मचारियों एवं स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कुल 25 लोगों ने रक्तदान कर महादानी बनने का गौरव प्राप्त किया। आयोजन के दौरान सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र ,कॉफी मग एवं ब्यूटी ऑफ सोनभद्र की पोस्टर व धन्यवाद देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रेड क्रॉस सोसाइटी एवं प्रयास फाउंडेशन की टीम का विशेष योगदान रहा। रेड क्रॉस के आजीवन सदस्य गौतम अग्रवाल, सीता राम महतो व आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम जारी रखने की बात कही।

# विंध्याचल घाट पर गंगा स्नान के दौरान हादसा: दो युवक डूबे, एक महिला समेत तीन बच्चों को बचाया

अमन लेखनी समाचार

मीरजापुर। मां विंध्यवासिनी देवी के दर्शन के लिए आए श्रद्धालुओं में गंगा स्नान के दौरान दो अलग-अलग घटनाओं ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया। दीवान घाट पर दो युवक डूब गए, जबकि पक्का घाट पर एक महिला समेत तीन बच्चों को गोताखोरों ने तत्परता से बचाया। दोनों घटनाओं में बैरिकेडिंग तोड़कर गहरे पानी में जाने और लापरवाही के आरोप लगे हैं।

## दीवान घाट पर स्नान करते समय दो युवक डूबे

आजमगढ़ से मां विंध्यवासिनी के दर्शन पूजन के लिए आए एक परिवार के 14 सदस्य गंगा स्नान करने दीवान घाट पहुंचे। स्नान के दौरान सूरज (27 वर्ष, पुत्र सूरज) बैरिकेडिंग के बाहर तैरने लगा। नाविकों द्वारा रोके जाने पर वह उलझ पड़ा और मनमानी करते हुए बैरिकेडिंग पार कर गया। अचानक वह डूबने लगा। उसे बचाने के लिए उसका चचेरा भाई अभिषेक (25 वर्ष, पुत्र जय प्रकाश) भी बैरिकेडिंग पार करके आगे बढ़ा, लेकिन गहरे पानी में वह भी डूब गया। परिजनों के चीख-पुकार से घाट पर भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अविनाश प्रकाश राय और धाम चौकी प्रभारी अजय कुमार मिश्र फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। एसडीआरएफ और गोताखोरों को बुलाकर दोनों युवकों की तलाश शुरू की गई। खबर लिखे जाने तक दोनों युवकों का कोई सुराग नहीं मिल सका था। पूरे घाट पर मातम छा गया और परिजन रो-रोकर बुरा हाल थे।

## पक्का घाट पर स्नान करते समय एक महिला सहित तीन बच्चों को गोताखोरों ने डूबने से बचाया

इसी दौरान पक्का घाट पर जौनपुर से आए एक परिवार के सदस्य गंगा स्नान कर रहे थे। आंचल, रिया, सुमित और यश गहरे पानी में चले गए और चारों एक साथ डूबने लगे। परिजनों के शोर मचाने पर घाट पर मौजूद गोताखोर कल्लू, किशुन, लवकुश, नरसिंह, छोटे लाल, राकेश और ओम प्रकाश ने तुरंत पानी में छलांग लगा दी और सभी चारों को सकुशल बाहर निकाल लिया। बचाव अभियान के दौरान गोताखोर कल्लू निषाद समेत दो अन्य गोताखोरों के मोबाइल पानी में भीगकर खराब हो गए। गोताखोरों की तत्परता से एक बड़ी त्रासदी टल गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि दीवान घाट पर रऊफऋ के जवान तैनात थे, फिर भी शोर-शराबा होने के बावजूद तुरंत मदद नहीं पहुंची। डूबने वाले युवकों को नाविकों और रऊफऋ जवानों ने पहले ही गहरे पानी में जाने से मना किया था, लेकिन उन्होंने नहीं माना और झगड़ा भी हुआ। इस घटना में प्रशासनिक लापरवाही और बैरिकेडिंग की अनदेखी के आरोप लग रहे हैं। नगर क्षेत्राधिकारी सहित पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा ले रहे थे। दोनों डूबे युवकों की तलाश जारी है। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि गंगा स्नान के दौरान बैरिकेडिंग का सम्मान करें और गहरे पानी से दूर रहें।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।


सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# विजय के जन्मदिन पर रिलीज होगी जन नायकन

**मुंबई।** तमिल सुपरस्टार और तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री विजय की मच अवेटेड फिल्म 'जन नायकन' की रिलीज का इंतजार कर रहे फैन्स के लिए बड़ी खबर है। हाल ही में चेन्नई में मीडिया से बातचीत के दौरान फिल्म के निर्माता वेंकट के नारायण ने बताया कि 'जन नायकन' अगले 14 दिनों के भीतर रिलीज हो सकती है। उन्होंने कहा कि फिल्म की सीबीएफसी सर्टिफिकेशन प्रक्रिया अंतिम चरण में है और बोर्ड के साथ लगातार बातचीत जारी है। इसी वजह से फिल्म की रिलीज में देरी हो रही थी। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म मेकर्स विजय के जन्मदिन पर 22 जून को 'जन नायकन' को रिलीज करने की प्लानिंग कर रहे हैं। पिछले कुछ महीनों से यह फिल्म कई कारणों से चर्चा में बनी हुई थी।



## लाइफ Style

# आलिया
## कान फिल्म फेस्टिवल के लिए हुईं रवाना

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कान फिल्म फेस्टिवल में इस बार कई भारतीय सितारों की मौजूदगी देखने को मिलने की उम्मीद है। इनमें आलिया भट्ट और ऐश्वर्या राय बच्चन से लेकर तारा सुतारिया समेत कई अन्य भारतीय सितारे भी शामिल हो सकते हैं। इस बीच आलिया भट्ट कान फिल्म फेस्टिवल के लिए रवाना भी हो गई है।


आलिया का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सोमवार तड़के आलिया भट्ट को मुंबई हवाई अड्डे पर स्पॉट किया गया। इसके बाद से ही ये कयास लगाए जा रहे हैं कि आलिया कान फिल्म फेस्टिवल के लिए रवाना हो गई हैं। इस दौरान आलिया कैजुअल लुक में नजर आईं। उन्होंने सफेद टैंक टॉप के ऊपर काले रंग का कोट पहना था, जिसे उन्होंने डेनिम जींस और बूट्स के साथ पेयर किया था। इस बीच कान से ऑनलाइन सामने आ रहे वीडियो में आलिया की तस्वीरों वाले बड़े बैनर फेस्टिवल से पहले बिल्डिंग्स पर लगाए जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। खबरों के मुताबिक, अभिनेत्री ईवा लोंगोरिया, जेन फोंडा और वियोला डेविस सहित कई इंटरनेशनल सेलेब्स के साथ शामिल होंगी। कान फिल्म फेस्टिवल में अपनी वापसी के बारे में बात करते हुए आलिया ने इस अनुभव को बेहद खास बताया। एक बयान में एक्ट्रेस ने कहा कि पिछले साल का अनुभव शानदार था। मैं इस साल एक और भी बड़े इवेंट के लिए वापस आकर वाकई में उत्साहित हूं। महिलाओं के महत्व और सशक्तिकरण का मजबूती से समर्थन किया जाता है। 12 से 23 मई तक फ्रांस में होने वाले इस कान फिल्म फेस्टिवल में सिनेमा जगत से भारत समेत कई इंटरनेशनल फिल्मी हस्तियों के शामिल होने की उम्मीद है।

## हॉलीवुड मसाला




# तुम हमारी ताकत हो मेरी जान

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा के हसबैंड निक जोनस ने मदर्स डे के खास मौके पर कुछ प्यारी झलकियां शेयर की हैं। उन्होंने इस खास मौके पर वाइफ के लिए एक पर्सनल इमोशंस शेयर किया है। उन्होंने प्रियंका और उनकी बेटी मालती मैरी की कुछ अनदेखी तस्वीरें शेयर की हैं। उन्होंने इन तस्वीरों को पोस्ट करते हुए काफी खूबसूरत कैप्शन लिखा है। निक ने लिखा है, 'तुम हमारी ताकत हो। मेरी जान, मदर्स डे की हार्दिक शुभकामनाएं। हम आपसे बहुत प्यार करते हैं।' इस पोस्ट पर प्रियंका ने खुद रिएक्ट भी किया है।




# डेजर्ट वॉरियर बनी अब तक की सबसे बड़ी फ्लॉप

**लॉस एंजिल्स।** दुनियाभर के कई देश ज्यादा लागत वाली बेहतरीन फिल्में बना रहे हैं। जहां भारत में वाराणसी और रामायण जैसी बड़े बजट की फिल्में बन रही हैं। वहीं, चीन ने भी अपनी पहली अरब-डॉलर की ब्लॉकबस्टर फिल्म, 'ने जा 2' बनाई है। इसी तरह से सऊदी अरब ने भी बड़े बजट की फिल्म बनाई। इसमें हॉलीवुड के भी सितारे शामिल थे। हालांकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप हुई। यह इतिहास की सबसे बड़ी बॉक्स-ऑफिस फ्लॉप बन गई। नवंबर 2021 में, सऊदी की प्रोडक्शन कंपनी, एमबीसी स्टूडियो ने 'डेजर्ट वॉरियर' नाम की एक फिल्म का एलान किया। इस फिल्म का मकसद सऊदी फिल्म इंडस्ट्री में नई जान डालना था। इसको कई प्रोडक्शन हाउस ने मिलकर बनाया। इसका निर्देशन रूपर्ट वायट ने किया।



# लंबे कद की वजह से छिनी कई फिल्में

**मुंबई।** 1997 में आई फिल्म विरासत से अपना बॉलीवुड डेब्यू करने वाली अभिनेत्री पूजा बत्रा ने मॉडलिंग से अपनी शुरुआत की थी। पूजा बत्रा कई हिंदी फिल्मों का हिस्सा रहीं। हालांकि, सफल डेब्यू के बावजूद उनका कॅरियर ज्यादा लंबा नहीं रह सका। हाल ही में पूजा बत्रा ने बताया कि उनकी लंबी हाइट के चलते भी उन्हें कई फिल्मों से हाथ धोना पड़ा। क्योंकि, अधिकांश एक्टर्स की हाइट उनसे कम थी, लेकिन उनमें ईगो इतना था कि वो हीरोइन को खुद से लंबा नहीं दिखने देना चाहते थे। इसलिए वो हीरोइनों को खुद से छोटा दिखाना चाहते थे। पूजा बत्रा ने अपने शुरुआती दौर में संगीता बिजलानी की एक सलाह को याद किया। उन्होंने कहा कि मुझे याद है संगीता बिजलानी ने मुझसे कहा था, 'फिल्मों में तुम्हारा कोई चांस नहीं है, क्योंकि तुम बहुत लंबी हो'।



# डीडीएलजे को खास तरीके से किया याद...

**मुंबई।** अभिनेता अनुपम खेर ने 30 साल पुराने अपनी फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' को एक खास तरीके से याद किया है। अनुपम फिल्म से जुड़े उस मशहूर रेलवे ट्रैक पर पहुंचे, जहां फिल्म का शाहरुख खान और काजोल पर फिल्माया गया सबसे लोकप्रिय सीन शूट हुआ था। इस दौरान अनुपम ने डीडीएलजे की पुरानी यादों को ताजा किया। साथ ही उन्होंने सरकार से ऐसे स्थानों को पर्यटन स्थल घोषित करने की भी अपील की। अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया है, इसमें वो एक रेलवे प्लेटफॉर्म पर नजर आ रहे हैं। वीडियो में अनुपम बताते हैं कि ये वो ही रेलवे ट्रैक है जहां पर शाहरुख खान और काजोल की ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर और कल्ट फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' का यादगार सीन शूट हुआ था।

## टीवी मसाला




# किसी को अपना कंपटीशन नहीं मानती : रुबीना

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी' के 15वें सीजन की जबरदस्त चर्चा हो रही है। आज ही शो का लॉन्च हुआ है, जिसमें कई नए और पुराने कलाकार एक साथ नजर आने वाले है। इस बार भी शो को रोहित शेट्टी ही होस्ट करेंगे, जिसका फैंस को बेसब्री से इंतजार है। इसी बीच रुबीना दिलैक का एक बयान चर्चा में आ गया हैं, जिसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में रुबीना ने अपने बयान से ये साबित कर दिया है कि वो एक स्ट्रॉन्ग प्लेयर है। वीडियो में हर्ष गुजराल जब रुबीना से सवाल पूछते हैं कि यहां सबसे ज्यादा कंपटीटिव हैं इस गेम में, उसका क्या रीजन है? तो रुबीना बहुत ही सिंपल तरीके से जवाब देती हैं, 'मैं किसी को अपना कंपटीशन नहीं मानती हूं।' तब हर्ष गुजराल मजाकिया अंदाज में कहते हैं, 'फिर ऐसा करो, आप अकेले ही अफ्रीका चली जाओ।' तब रुबीना बोलती हैं, 'आप देखोगे कि मैं अकेले ही स्टंट्स करूंगी, क्योंकि मैं खुद का कंपटीशन हूं। मैं रुबीना 2.0 हूं, क्योंकि मां बनने के बाद क्या कुछ चेंज होता है, वो शायद आप में से कोई नहीं जान सकता है।' बता दें कि 'खतरों के खिलाड़ी' के 12वें सीजन में रुबीना दिलैक ने भाग लिया था, साथ ही अपनी मजबूत परफॉर्मेंस से टॉप 5 में जगह बनाई थीं। इसके बाद दोबारा उनकी वापसी ने फैंस को खुश कर दिया हैं और उनका ये अंदाज भी बहुत पसंद किया जा रहा है। इस बार शो में रुबीना दिलैक, जैस्मिन भसीन, हर्ष गुजराल, फरहाना भट्ट, गौरव खन्ना, करण वाही, ऋत्विक धनजानी, विशाल आदित्य सिंह, शगुन शर्मा, ओरी और अविका गौर हिस्सा ले रहे है।

## कपिल शर्मा शो पर 'साजिश' का दावा

**नई दिल्ली।** खुद का 'कॉमेडी का लाल' बताने वाले सुनील पाल भी कमाल हैं। वह हफ्ते भर में अपनी ही बात से पलट गए हैं। हाल ही 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के स्पेशल एपिसोड में नजर आने के बाद सोशल मीडिया पर सुनील पाल चर्चा में आए। 2 मई को स्ट्रीम हुए एपिसोड में समय रैना और रणवीर अल्लाहबादिया शामिल थे। 'लेटेंट विवाद' के बाद सुनील पाल और समय रैना पहली बार आमने सामने थे। कई लोगों को लगा था कि एपिसोड में सुनील पाल को जान-बूझकर निशाना बनाया गया। लेकिन, तब सुनील पाल ने कहा था कि 'उन्हें कुछ बुरा नहीं लगा।' लेकिन अब एक नए पॉडकास्ट में वह बिफर गए हैं। उन्होंने सीधे-सीधे कपिल शर्मा पर 'समय रैना के लिए फेवरटिज्म' का आरोप लगाया। यही नहीं, 51 साल के सुनील ने अर्चना पूरन सिंह और नवजोत सिंह सिद्धू को भी बुरा-भला कहा है और 'साजिश' रचने का दावा किया।



# अनन्या और लक्ष्य की चांद मेरा दिल का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** अनन्या पांडे और लक्ष्य लालवानी की आगामी रोमांटिक फिल्म 'चांद मेरा दिल' का ट्रेलर सोमवार को रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर में दोनों के बीच जबरदस्त रोमांस देखने को मिल रहा है। ट्रेलर से पता चलता है कि फिल्म में रोमांस, इमोशन और भरपूर ड्रामा देखने को मिलने वाला है। ट्रेलर से फिल्म की स्टोरी के बारे में भी काफी कुछ हिंट मिलती है। 2 मिनट 54 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत अनन्या और लक्ष्य के एक रोमांटिक सीन से होती है। लेकिन अचानक दोनों के बीच झगड़ा हो जाता है। ट्रेलर में कुछ भी नया या अलग देखने को नहीं मिलता है। वो ही पहले प्यार, फिर रोमांस, फिर झगड़ा और ड्रामा और अंत में संभवतः हैप्पी एंडिंग। ट्रेलर में स्टोरी के बारे में काफी कुछ पता चलता है।



इससे इतना स्पष्ट होता है कि यह एक नॉर्मल लव स्टोरी है, जैसी कई फिल्मों में पहले भी देखने को मिल चुकी है। इस ट्रेलर में फिल्म की बाकी कास्ट में कोई खास चेहरा नजर नहीं आता है। पूरे ट्रेलर में अनन्या और लक्ष्य ही नजर आते हैं। अनन्या का किरदार काफी हद तक 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' जैसा मालूम पड़ता है। उनकी एक्टिंग में भी कोई बदलाव या नयापन नजर नहीं आता। हां, लक्ष्य पहली बार इस तरह के फुल प्लेस रोमांटिक हीरो के किरदार में नजर आएंगे। लेकिन ट्रेलर के गुस्से वाले और चिल्लाने वाले सीन में वो उतने प्रभावी नहीं लगते हैं।

# 'अंखियों के झरोखों से' गाना लिखने वाले गीतकार बचपन से थे दृष्टिहीन, खुद नहीं देखी दुनिया...

**नई दिल्ली।** अंखियों के झरोखों से... क्या आप सोच सकते हैं कि दिल की गहराई में उतरने वाला यह गाना जिस शख्स ने लिखा है, उसने खुद कभी दुनिया नहीं देखी? भारतीय संगीत जगत में अगर किसी ऐसे व्यक्ति का नाम पूछा जाए जिसने अपनी शारीरिक कमजोरी को ही अपनी ताकत बना लिया तो वह रवींद्र जैन हैं। जन्म से दृष्टिहीन होने के बावजूद, उन्होंने बॉलीवुड को ऐसे गाने दिए जो आज भी जगमगा रहे हैं। रवींद्र जैन को लोग दादू कहकर बुलाते थे।



### 4 साल की उम्र से सीख रहे संगीत

रवींद्र जैन का जन्म 1944 में उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में हुआ था। उनके पिता संस्कृत के विद्वान और आयुर्वेदाचार्य थे। रवींद्र जैन जन्म से ही देख नहीं सकते थे। हालांकि, बचपन से ही रुचि संगीत में थी। उनके पिता को लगा कि रवींद्र को किसी कमी का अहसास न हो इसलिए 4 साल की उम्र में ही उनके लिए घर पर संगीत की शिक्षा की व्यवस्था कर दी। उन्होंने अलीगढ़ के ब्लाइंड स्कूल से पढ़ाई की। वह मंदिरों में भजन भी गाते थे। रवींद्र संगीत सीखते रहे फिर आगे चलकर उन्होंने कोलकाता जाकर आगे की शिक्षा ली। रवींद्र जैन को लगा कि संगीत ही उनकी जिंदगी है। उन्होंने रेडियो स्टेशंस पर ऑडिशन दिए, लेकिन उन्हें रिजेक्ट कर दिया गया।

### ऐसे हुई फिल्मों में एंट्री

रवींद्र जैन के कोलकाता वाले गुरु एक फिल्म बनाना चाहते थे। इसमें संगीत देने के लिए 1969 में वह रविंद्र जैन को अपने साथ मुंबई ले गए। इस मूवी का नाम लोरी था। 1972 में रवींद्र जैन को सौदागर फिल्म से पहचान मिली। 1975 में गोरी तेरा गांव बड़ा प्यार लोगों को खूब पसंद आया। 1978 में आई फिल्म अंखियों के झरोखों से के टाइटल सॉन्ग को रवींद्र ने ना सिर्फ लिखा बल्कि म्यूजिक भी दिया था।

**रवींद्र जैन के कुछ फेमस गाने**

- अंखियों के झरोखों से
- गोरी तेरा गांव बड़ा प्यारा
- जब दीप जले आना
- श्याम तेरी बंसी
- गीत गाता चल
- हुस्न पहाड़ों का
- सुन साहिबा सुन
- एक राधा एक मीरा
- सजना है मुझे सजना के लिए
- कौन दिशा में लेके
- जोगी जी धीरे-धीरे
- मुझे हक है (विवाह)

## धुरंधर-2 से कर्तव्य तक, मिलेगा एंटरटेनमेंट का डबल डोज

# इस वीक ओटीटी पर दस्तक देंगी ये फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। ओटीटी पर इन दिनो गजब हो रहा है। गर्मियां बढ़ती जा रही हैं। वीकएंड पर लोग घर पर सुकून से रहना पसंद कर रहे हैं। मगर, मनोरंजन में कोई कमी न बीते हफ्ते रही और न इस वीक रहेगी। ओटीटी पर जबर्दस्त सीरीज और फिल्में जो रिलीज हो रही हैं। इस वीक भी एक्शन और थ्रिलर से भरपूर कई ऑप्शन उपलब्ध हैं।*



**धुरंधर द रिवेंज :** महीनेभर से ज्यादा समय तक सिनेमाघरों में धमाल करने वाली ब्लॉकबस्टर फिल्म 'धुरंधर द रिवेंज' आखिर ओटीटी पर आने को तैयार है। आदित्य धर निर्देशित रणवीर सिंह, सारा अर्जुन, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, आर माधवन अभिनीत इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 1000 करोड़ क्लब में एंट्री ली है। ऐसा करने वाली यह पहली बॉलीवुड फिल्म है। दर्शक 15 मई से इसे जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।

**कर्तव्य :** यह क्राइम ड्रामा फिल्म है। इसे पुलकित ने निर्देशित किया है। वहीं, शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान ने इस फिल्म को प्रोड्यूस किया है। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी इस फिल्म में सैफ अली खान, रसिका दुग्गल, संजय मिश्रा और मनीष चौधरी जैसे सितारे हैं। सैफ अली खान फिल्म में पुलिस ऑफिसर के रूप में नजर आएंगे। यह फिल्म 15 मई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

**द क्रैश :** यह एक क्राइम आधारित डॉक्यूमेंट्री है। द क्रैश 2022 की एक सच्ची घटना पर आधारित है, जिसमें ओहियो की 17 साल की किशोरी मैकेंजी शिरिला ने जान-बूझकर 100 मील प्रति घंटे की रफ्तार से अपनी कार एक ईंटों वाली इमारत से टकरा दी थी। इस घटना में उसके बॉयफ्रेंड डोमिनिक रूसो और उसके दोस्त डेवियन फ्लैनगन, दोनों की मौत हो गई थी। उसे 12 गंभीर अपराधों का दोषी ठहराया गया और आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। 'द क्रैश' 15 मई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

**मार्टी, लाइफ इज शॉर्ट :** कॉमेडियन मार्टिन शॉर्ट पर बनी यह आगामी डॉक्यूमेंट्री, थिएटर और कॉमेडी की दुनिया में उनके शानदार और मशहूर कॅरियर को दिखाती है। यह कॉमेडी में उनके 50 साल के सफर के उतार-चढ़ाव और उनकी विरासत को दिखाती है। इस फिल्म में उनके कॅरियर के दुर्लभ फुटेज और उनके करीबी दोस्तों और सह-कलाकारों के साथ की गई खास बातचीत शामिल है। इस डॉक्यूमेंट्री को दर्शक 12 मई से नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। बता दें कि मार्टिन शॉर्ट एक कनाडाई हास्य कलाकार, अभिनेता और लेखक हैं।

**एग्जाम :** यह एक तमिल ड्रामा सीरीज है। इसे नेशनल अवॉर्ड विजेता ए. सर्कुनम ने लिखा है और इसके निर्देशन की कमान भी उन्होंने ही संभाली है। यह शो एक प्रतियोगी परीक्षा के दबाव भरे माहौल में एक तनावपूर्ण और भावनात्मक सफर पर आधारित है। 'एग्जाम' सीरीज 15 मई से प्राइम वीडियो पर उपलब्ध होगी।

**इंस्पेक्टर अविनाश सीजन 2 :** रणदीप हुड्डा, उर्वशी रौतेला, अमित सियाल, शालिन भनोट, राहुल मित्रा, जाकिर हुसैन, आयशा एस. ऐमन, जोहेब फारूकी जैसे कलाकारों से सजी 'इंस्पेक्टर अविनाश' का दूसरा सीजन भी इस वीक ओटीटी पर दस्तक देगा। यह सीरीज यूपी पुलिस के अफसर अविनाश मिश्रा की कहानी है, जो एसटीएफ के प्रमुख हैं और गैंगस्टरों को अपना निशाना बनाते हैं। यह सीरीज 15 मई से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

**बर्लिन एंड द लेडी विद एन एरमाइन :** बर्लिन एंड द लेडी विद एन एरमाइन, मनी हाइस्ट का आठ-एपिसोड का स्पिन-ऑफ है। स्पेन के सेविले में सेट यह बर्लिन (पेड्रो अलोंसो) और उसकी टीम की कहानी है, जो बदले की भावना से प्रेरित एक और बड़ी चोरी को अंजाम देने के लिए वापस लौटते हैं। इसे दर्शक 15 मई से नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।